मं ऽ ग ल	वि ग्र ऽ ह	शी ऽ ले ऽ	आ ऽ वो ऽ

अंतरा

प - - -	प - म ग	म - - -	म - ग सा
भ व ज्वा ऽ	ला ऽ मा ऽ	ला ऽ वि द	ऽ ग्ध प र
रे - - -	रे - ग प	ग - रे ग	रे - सा -
शी ऽ त न	खे ऽ न्दु सु	धा ऽ ब र	सा ऽ वो ऽ

गिरिधर नागर जय मुरलीधर

गिरिधर नागर जय मुरलीधर।
गोचारण करैं गिरिवर ऊपर,
वंशी बाजै तहां मधुर-स्वर।
नाचैं ग्वाला गऊ भूमि पर,
ऊपर छांह करत हैं जलधर।
उड़त पखेरू रुके गगनचर॥ गिरिधर नागर....
देव-बधू सुनबे कूं आवैं
नभ विमान में गिर गिर जावैं
नीवी बन्धन खुल खुल जावैं
आभूषण सब खुल गिर जावैं
वंशी वशीकरन जु रही कर॥ गिरिधर नागर....

स्थाई

सा प म॑ ग	**रे ग रे सा**	**स - ग -**	**रे म ग -**
गि रि ध र	ना ऽ ग र	ज य मु र	ली ऽ ध र

अन्तरा

प - - -	**म॑ प म॑ ग**	**म॑ ध नी ध**	**म॑ ध प -**
ज य मु र	लीऽ ध र	ज य मु र	ली ऽ ध र
नी - - -	**ध सां नी -**	**सां नी ध प**	**म॑ ध प -**
गो ऽ चा ऽ	र ण क रैं	गि रि व र	ऊ ऽ प र

इसी प्रकार ३ पंक्तियां ''वंशी बाजै'' एवं ''नाचैं ग्वाला''
एवं ''ऊपर छांह करत'' स्थाईवत् ''उड़त पखेरू''
इसी क्रम से अन्य अन्तर।

गिरिधर राधे राधे श्याम॥

राधा प्रणत वत्सला जय जय
राधा प्रणत उधारिणि जय जय
नटवर राधे राधे श्याम॥
गिरिधर जन-दु:खनाशी जय जय
गिरिधर जन सुखराशी जय जय
ब्रजधर राधे राधे श्याम॥
राधा चलत् कंकणा जय जय
राधा मुखर नूपुरा जय जय
प्रियवर राधे राधे श्याम॥
गिरिधर मुरलीधारी जय जय
गिरिधर रस-संचारी जय जय
रस-धर राधे राधे श्याम॥

स्थाई

सा ग म॑ प	**म॑ ध प म॑**	**ग - रे -**	**सा - - -**
गि रि ध र	रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे ऽ	श्या ऽ ऽ म

अंतरा

प - - -	**म॑ - प ध**	**प - म॑ ग**	**म॑ - प -**
रा ऽ धा ऽ	प्र ण त व	ऽ त्स ला ऽ	जै ऽ जै ऽ

इसी पर ''राधा प्रणत....''। पुन स्थाईवत् ''नटवर राधे राधे श्याम'', क्रमश:

गिरिधारी भानु-दुलारी श्रीराधा रासविहारी

श्री राधा रास विहारी श्रीराधा रास विहारी

वृषभानुलली	नंद जू को लला	॥ श्रीराधारासविहारी ॥
दामिनी लली	नव जलद लला	॥ श्रीराधारासविहारी ॥
भामिनी लली	अभिराम लला	॥ श्रीराधा० ॥
स्वामिनी लली	आधीन लला	॥ श्रीराधा० ॥
नागरी लली	अति चतुर लला	॥ श्रीराधा० ॥
कामिनी लली	कामार्त लला	॥ श्रीराधा० ॥
हासिनी लली	कौतुकी लला	॥ श्रीराधा० ॥

स्थाई

ग रे	**ग म ग रे**	**सा - - ग**	**प म प ध**	**प -**
गि रि	धा ऽ री ऽ	भा ऽ नु दु	ला ऽ ऽ ऽ	री ऽ
प ध	**सां नी सां रे**	**सां - प -**	**म ग प म**	**म -**
श्री ऽ	रा ऽ धा ऽ	रा ऽ स वि	हा ऽ ऽ ऽ	री ऽ

अंतरा

प ध	**सां - - नी**	**सां रें गं रें**	**सां रें सां नी**	**सां -**
वृ ष	भा ऽ नु ल	ली ऽ नं द	जू ऽ को ल	ला ऽ

पुनः ''श्रीराधा रासविहारी'' स्थाईवत् ॥

इसी क्रम से।

गिरिधारी हे बालमुकुन्दा

गिरिधारी हे बालमुकुन्दा। दीनानाथ नंद जू के नंदा।
राधारमण प्रभो गोविन्दा। हे मनमोहन सुख के कंदा।
बदन–चन्द्र सोहै अरविन्दा। जगमगात है कोटिक चंदा।
चरण स्रवै रस के मकरन्दा। युगल–चरण सौरभ मकरन्दा।
नख पर वारौं कोटिक चंदा। श्यामा श्याम युगल अरविन्दा।

प्रथम धुन

स्थाई

नी़ रे ग रे	**ग - प -**	**रे - ग रे**	**नी़ रे सा -**
गि रि धा ऽ	री ऽ हे ऽ	बा ऽ ल मु	कुं ऽ दा ऽ

'दीनानाथ' इसी प्रकार

अंतरा

प - मं ग	**मं प - -**	**मं प मं ग**	**मं प - -**
रा ऽ धा ऽ	र म ण प्र	भो ऽ गो ऽ	विं ऽ दा ऽ
नी ध सां नी	**ध - प -**	**ग रे ग प**	**रे - सा -**
हे ऽ म न	मो ऽ ह न	सु ख के ऽ	कं ऽ दा ऽ

इसी क्रम से अन्य अंतरा

द्वितीय धुन

स्थाई

सा - - नी़	**सा रे स नी़**	**ध़ - - नी़**	**सा रे नी़ सा**
गि रि धा ऽ	री ऽ हे ऽ	बा ऽ ल मु	कुं ऽ दा ऽ

अन्तरा

सा - - -	**रे म - -**	**ग - रे सा**	**ग रे सा -**
दी ऽ ना ऽ	ना ऽ थ नं	ऽ द जू के	नं ऽ दा ऽ

इसी क्रम से शेष॥

जय जय राधा गोपाल हरे

गोपाल कृष्ण मरकत–मणि तन जै राधा कंचन बाल हरे॥
यशुमति नंदन घनश्याम हरे जय जय कीरति सुकुमार हरे॥
ब्रजनाथ हरे ब्रजराज हरे जय जय राधा नन्दलाल हरे॥
राधेश हरे गोपीश हरे जय जय ब्रजजन प्रतिपाल हरे॥
श्यामेश हरे प्राणेश हरे जय जय प्यारी उरमाल हरे॥
देवेश हरे करुणेश हरे जय जय राधा गोपाल हरे॥

स्थाई

सा -	**नी़ - सा -**	**ग - म -**	**प - - -**	**प -**
गो ऽ	पा ऽ ल कृ	ऽ ष्ण म र	क त म णि	त न
प -	**म - - -**	**ग - म प**	**ग - रे -**	**सा -**
जै ऽ	रा ऽ धा ऽ	कं ऽ च न	बा ऽ ल ह	रे ऽ

अंतरा

नी -	**नी - - -**	**ध - प म**	**प नी ध -**	**प -**
य शु	म ति नं ऽ	द न घ न	श्या ऽ म ह	रे ऽ
प ध	**प म प म**	**ग म - प**	**ग म ग रे**	**सा -**
ज य	ज य की ऽ	र ति सु कु	मा ऽ र ह	रे ऽ

पुनः स्थाई।

शेष अन्तरा इसी क्रम से।

✿✿✿

गोविन्द जय जय गोपाल जय जय

गोविन्द जय जय गोपाल जय जय।
राधा रमण हरि गोविन्द जय जय॥
ग्वालों की जय जय गोपिन की जय जय।
वंशी बजैया प्यारे मुकुन्द जय जय॥
मोहन की जय जय मोहिनी की जय जय।
रास रचैया ब्रजचन्द की जय जय॥
प्यारे की जय जय प्यारी की जय जय।
नील पीत युग चन्द की जय जय॥
राधा के हित वेणु बजावैं, राधा के हित रास रचावैं,
राधा के हित कुंजन छावैं, राधा के हित तल्प रचावैं।
राधा रमण विहारी की जय जय॥
मृग शावक से चंचल नैना, कोटि कामशर छूटैं सैना,
कोकिल स्वर सों मधुरे बैना, लालन मन लाड़ति दै चैना,
राधा प्राण विहारी की जय जय॥

स्थाई

ग - - -	**रे ग सा रे**	**ग म - ग**	**रे ग रे सा**
गो ऽ विं द	ज य ज य	गो ऽ पा ल	ज य ज य
सा - - रे	**ग - रे सा**	**नी ध नी सा**	**नी ध प -**
रा ऽ धा र	म ण ह रि	गो ऽ विं द	ज य ज य

अन्तरा १.

प - ध प	**म - ग रे**	**ग म - ग**	**रे - सा -**
ग्वा लों ऽ की	ज य ज य	गो पि न की	ज य ज य

इसी प्रकार सब अन्तरा
''वंशी बजैया'' स्थाईवत्

अन्तरा २.

प ध प - | नी - - - | ध - म - | ध - प -
रा ऽ धा ऽ | के ऽ हि त | वे ऽ णु ब | जा ऽ वैं ऽ

इसी पर "राधा के हित रास रचावै"
पुनः २ पंक्ति "राधा के हित कुंजन" एवं "राधा के हित तल्प"
अन्तरा १ "ग्वालोंकी जय" पर,
पुनः "राधा रमण विहारी" स्थाईवत्

✿✿✿

गोविन्द भजो गोपाल भजो राधे गोविन्द भजो

नन्दनन्दन मोहन गिरिधारी;
श्रीराधे वृषभान दुलारी;
जोरी संग भजो, राधे गोविन्द भजो॥
बरसाने की राधा प्यारी;
नन्दगाँव मोहन सञ्चारी;
गोरी श्याम भजो, राधे गोविन्द भजो॥

स्थाई

रे नी | सा - - रे | ग - रे नी सा | - - - | - -
गो ऽ | विं ऽ द भ | जो ऽ गो ऽ पा | ऽ ल भ | जो ऽ

सा रे ग प | - - म - | ग - रे - | ग म ग -
रा ऽ धे ऽ | ऽ ऽ ऽ ऽ | ऽ ऽ ऽ ऽ | गो ऽ विं ऽ

रे - सा -
द भ जो ऽ

अन्तरा

प - ध <u>नी</u>	**सां - - <u>नी</u>**	**ध - <u>नी</u> सां**	**<u>नी</u> ध प -**
नं ऽ द नं	द न मो ऽ	ह न गि रि	धा ऽ री ऽ

इसी पर ''श्रीराधे वृषभानु दुलारी''

प <u>नी</u> ध -	**प - म ग**	**म - - -**	**<u>ग</u> - - -**
जो ऽ री ऽ	सं ऽ ग भ	जो ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
रे - <u>ग</u> म	**<u>ग</u> - रे -**	**सा -**	
ऽ ऽ गो ऽ	विं ऽ द भ	जो ऽ	

इसी क्रम से दूसरा अन्तरा

❀❀❀

गोविन्दा गोविन्दा जै राधे राधे गोविन्दा

जय रमण विहारी प्यारे,
जय मान विहारी प्यारे,
जय छैल विहारी प्यारे,
जय केलि विहारी प्यारे॥ गोविन्दा-२.....

जय भानु-दुलारी राधे,
जय कीर्तिकुमारी राधे,
जय रूप उज्यारी राधे,
जय प्रानन प्यारी राधे,
गोविन्दा-२............

जय प्यारे प्यारे प्यारे,
जय राधे राधे राधे।

स्थाई

सा - ग रे	**ग - - प**	**ग - रे -**	**सा नी़ ध़ प़**
गो ऽ विं ऽ	दा ऽ ऽ ऽ	गो ऽ विं ऽ	दा ऽ ज य
ग़ प़ - -	**ध़ सा - रे**	**ग - रे -**	**सा - - -**
रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे ऽ	गो ऽ विं ऽ	दा ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

प -	**प - - ध**	**प - ग सा**	**रे - ग -**	**ग -**
ज य	र म ण वि	हा ऽ री ऽ	प्या ऽ रे ऽ	ऽ ऽ

इसी पर ३ पंक्ति पुनः स्थाई। इसी क्रम से आगे।

✿✿✿

गोविन्दा राधे श्रीराधे राधे। किशोरी राधे श्रीराधे राधे।

गोपाला राधे श्रीराधे राधे। गोरी राधे श्रीराधे राधे।
मोहन राधे श्रीराधे राधे। भोरी राधे श्रीराधे राधे।
सोहन राधे श्रीराधे राधे। श्यामा राधे श्रीराधे राधे।
रसिक रसिया श्रीगोपाला। कृपा करनी श्रीराधे राधे।
सलोना सरस श्रीगोपाला। कमल नैनी श्रीराधे राधे।
मनोहर बैन श्रीगोपाला। मधुर बैनी श्रीराधे राधे।
रसीले सैन श्रीगोपाला। मत्त करिणी श्रीराधे राधे।
रूप लोभी श्रीगोपाला। मन्द गमनी श्रीराधे राधे।
बड़ा प्यारा श्रीगोपाला। सुरस दैनी श्रीराधे राधे।
चतुर चोरा श्रीगोपाला। दया दैनी श्रीराधे राधे।

स्थाई

<u>नी़</u>	**सा रे स <u>नी़</u>**	**ध़ - - <u>नी़</u>**	**सा - रे सा**	**रे सा -**
गो	विं दा रा ऽ	धे ऽ ऽ श्री	रा ऽ धे ऽ	रा धे ऽ

अन्तरा

ध़	**सा - रे ग**	**म - - -**	**ग रे म ग**	**सा - -**
कि	शो री रा ऽ	धे ऽ ऽ श्री	रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे

❀❀❀

गोविन्दा गोविन्दा गिरिधारी रे

गोविन्दा गोविन्दा गिरिधारी रे भजु मन राधे गोविन्दा॥

गिरिधर कोटिक प्रानन बारत ऐसी मीठी भानुदुलारी।
रंग भरे उत्सव अनंग के अंग-अंग सों खेलन हारी।
अद्‌भुत धव माधव अधरन मधुपान छकी प्यारी मतवारी।
नील ज्योति अरु पीत ज्योति के द्वै सागर संगम कर भारी।

युग छवि पर बलिहारी रे भजु मन राधे गोविन्दा॥
गोविन्दा गोविन्दा गिरिधारी रे भजु मन राधे गोविन्दा॥

चरण श्रवित रस निर्झर-सीकर कोटि रसार्णव जृंभित होवें।
वपु नीरज माध्वीक लहर सों आह्लादित हरि रसमय होवें।
अंगन की गौरता श्यामको पीत रंग में यो रंग देवें।
विद्युच्छटा मेघ पर ज्यों निज कान्ति प्रखरता शिर प्रकटावें।

तन-मन-धन सब वारी रे भजु मन राधे गोविन्दा॥
गोविन्दा गोविन्दा गिरिधारी रे भजु मन राधे गोविन्दा॥

स्थाई

ग - - -	**ग म ग रे**	**रे म ग रे**	**सा रे सा नी़**
गो विं दा गो	विं दा गि रि	धा री रे ऽ	भ जु म न
सा रे - ग	**म ग रे सा**		
रा ऽ धे गो	विं ऽ दा ऽ		

अन्तरा

सा - ध -	**प - - -**	**सा - ध -**	**प - - -**
गि रि ध र	को ऽ टि क	प्रा ऽ न न	वा ऽ र त
सां - - नी	**ध नी ध नी**	**प ध म -**	**म - - -**
ऐ ऽ सी ऽ	मी ऽ ठी ऽ	भा ऽ नु दु	ला ऽ री ऽ
प - ग -	**रे - - -**	**प - ग -**	**रे - - -**
रं ऽ ग भ	रे ऽ उ ऽ	त्स व अ नं	ऽ ग के ऽ
प - - -	**प - रे -**	**ग - रे -**	**सा - - -**
अं ऽ ग अं	ऽ ग सों ऽ	खे ऽ ल न	हा ऽ री ऽ

इसी क्रम से चार पंक्तियाँ पुनः। ''युग छवि पर'' स्थाईवत्

अन्य अन्तरा इसी प्रकार।

✿✿✿

गोवर्धन गिरिधारी रे, भज मन राधे गोविन्दा।

युग-छवि पर बलिहारी रे, भज मन राधे गोविन्दा॥

श्रीवृषभान नृपतिकी बेटी।
मधुपति नन्दलाल सों भेंटी।
कुंज कुटीर तल्प पर लेटी।
इन्दु हासिनी इन्दु लपेटी।
जय श्रीराधा प्यारी रे भज मन, राधे गोविन्दा।
जय कीरति सुकुमारी रे भज मन, राधे गोविन्दा॥
रस मानस सर राजहंस हरि।
प्रिया हंसिनी लिये अंस भरि।

स्वर संचारत अधर वंश धरि।
यौवन मणि श्यामा प्रशंस करि।
जै-जै वेणु विहारी रे भज मन, राधे गोविन्दा।
माखन चोर मुरारी रे भज मन, राधे गोविन्दा॥

स्थाई

प़ ध़ सा -	**रे - ग म**	**ग - रे ग**
गो ऽ व र	ध न गि रि	धा री रे ऽ
सा रे ग म	**ग - रे सा**	**रे रे सा ऽ**
भ ज म न	रा ऽ धे गो	विं ऽ दा ऽ

अन्तरा

सा - ग मं	**प मं प -**	**मं - - प**	**ग प म ग**
रा ऽ धे गो	विं ऽ दा ऽ	रा ऽ ध गो	विं ऽ दा ऽ

इसी पर अन्तरा की चार पंक्ति, पुनः स्थाईवत्
तथा इसी क्रम से दूसरा अन्तरा।

✿✿✿

चन्द्रमुखी राधा श्रीराधा मृगनैनी राधा श्रीराधा पिकबैनी राधा श्रीराधा

कनक दर्पकामोचनी राधा, कमल रक्तका लोचनी राधा॥ मृगनैनी....
भू-नर्तन चातुरी अनुपमा, गान-नृत्य चातुरी निरुपमा॥ मृगनैनी....
मृदु हंसिता राधा श्रीराधा, शुचिस्मिता राधा श्रीराधा॥ मृगनैनी....
पिय-वसिता राधा श्रीराधा, गुन चतुरा राधा श्रीराधा॥ मृगनैनी....
प्रियातुरा राधा श्रीराधा, अतिमधुरा राधा श्रीराधा॥ मृगनैनी....

स्थाई

प - ध नी	**नी - - -**	**ध नी ध -**	**प - म -**
चं ऽ द्र मु	खी ऽ रा ऽ	धा ऽ श्री ऽ	रा ऽ धा ऽ
म - प ध	**ध - - -**	**प ध प -**	**म - ग -**
मृ ग न य	नी ऽ रा ऽ	धा ऽ श्री ऽ	रा ऽ धा ऽ
ग - म प	**प - म -**	**ग म ग रे**	**सा - - -**
पि क बै ऽ	नी ऽ रा ऽ	धा ऽ श्री ऽ	रा ऽ धा ऽ

अन्तरा

सां - - -	**सां - - रें**	**नी रें सां नी**	**ध नी ध प**
क न क द	ऽ र्प का ऽ	मो ऽ च नी	रा ऽ धा ऽ

''कमल रक्त'' भी ''चन्द्रमुखी'' की तरह।
व मृगनैनी पिक बैनी लगाकर पूरी पंक्ति।
इसी क्रम से अन्य अन्तरा।

✿✿✿

चपला प्रिया मेघ पिय लिपटी, जय जय युगल छटा दृग अटकी

चन्द्रवदन चन्द्रिका चमक इत, मोर मुकुट कलँगी तुर्रा उत॥
प्रिया जड़ाऊ बेंदी चमकै, पीय आड़केशर ललाट पै॥
प्रिया रसभरी अँखियन चितवन, पीय चपल नैनन के सैनन॥
प्रिया कर्णफूल कानन में, कुण्डल लटकै पिय गालन में॥
प्रिया कञ्चुकी कसी उरज पर, पीय पीत पट श्यामल तन पर॥
तिय आरसी अँगुठी चूरी, पिय वंशी भुज कंकण मुंदरी॥
अतरौटा लहंगा नीबी कस, कटि कछनी जामा जड़ाउ तस॥
अनवट बजने बिछिया पायन, नूपुर की धुनि मधुर सुहावन॥
देख गौरता दामिनी भाजे, देख श्यामता नव घन गाजे॥
चार नयन मिलवत कछु आशा, प्रियतम वेष्टित भुज युग पाशा॥

स्थाई

प - - म	**रे <u>ग</u> म <u>ग</u>**	**रे सा - -**	**सा - - रे**
च प ला ऽ	प्रि या ऽ मे	ऽ घ पि य	लि प टी ऽ
म - - -	**म - ध -**	**प - - -**	**प म ध -**
ज य ज य	यु ग ल छ	टा ऽ दृ ग	अ ट की ऽ

अंतरा

ध - - -	**प ध प ध**	**म - - -**	**म - रे <u>ग</u>**
च ऽ न्द्र व	द न चं ऽ	द्रि का ऽ च	म क इ त
<u>नी</u> - - -	**<u>नी</u> - ध <u>नी</u>**	**सां - <u>नी</u> -**	**ध - प -**
मो ऽ र मु	कु ट क लँ	गी ऽ तु ऽ	र्रा ऽ उ त

इसी प्रकार अन्य अन्तरा।

इसी धुन पर कीर्तन

चंद्रमुखी जय जय श्रीराधा, जय श्रीराधा जय श्रीराधा।
चंद्रवदन जय जय घनश्यामा, जय घनश्यामा जय घनश्यामा।

चम्पक लतिका श्याम तमाला कीर्तिकुमारी यशुमति लाला

बीन मधुमती वादन मधुरा, वंशी चुम्बन चतुर गिरिधरा॥ चम्प०
निगमालक्ष्या सौभग ललिता, निगम गोप्य रस लीला अमिता॥ चम्प०
मल्लीदास निबद्ध सुकबरा, केकी पिच्छ छटा सिर मधुरा॥ चम्प०
कम्बु कण्ठि कर चलत्कंकणा, तिय यौवन मद मान भंजना॥ चम्प०
कदली स्तम्भ सुशोभित उरूद्वय, मदस्रावी झूमत गज नववय॥ चम्प०
सान्द्रानन्दा सुकेलिकन्दा, रसनिष्यन्दा पिय नंदनंदा॥ चम्प०
मधुपति प्राण दायिनी बाला, अर्पित प्राण कोटि नंदलाला॥ चम्प०

स्थाई

ध - सा -	**रे - सा -**	**ध - सा -**	**रे - सा -**
चं ऽ प क	ल ति का ऽ	श या ऽ म त	मा ऽ ला ऽ
ग - प ऽ	**ध - प -**	**ग - रे ग**	**रे - सा -**
की ऽ र्ति कु	मा ऽ री ऽ	य शु म ति	ला ऽ ला ऽ

अन्तरा

ग - प -	**ध - प -**	**सां - - -**	**रें - सां -**
बी ऽ न म	धु म ती ऽ	वा ऽ द न	म धु रा ऽ
सां रें सां -	**प ध प -**	**ग प ग -**	**सा रे सा -**
वं ऽ शी ऽ	चु ऽ म्ब न	च तु र गि	रि ध रा ऽ

✿✿✿

जयति स्वामिनी देवी राधा,
जयति रसिक तिलकोज्वल माधव

नवकैशोराचित शुभकाया, चन्दन चर्चित नव घन काया।

रत्न गुच्छ अवलम्बित वेणी, बर्ह पिच्छ कच अलिकुल श्रेणी।

भ्रू-भंगिमा नयन शर चञ्चल, दाम बद्ध क्रीडामृग श्यामल।

स्थाई

ग - - -	**ग - - सा**	**रे - स नी़**	**ध़ - प़ -**
ज य ति स्वा	ऽ मि नी ऽ	दे ऽ वी ऽ	रा ऽ धा ऽ
प - ग -	**रे - - -**	**ग रे सा ध़**	**सा - - -**
ज य ति र	सि क ति ल	को ऽ ज्व ल	मा ऽ ध व

अन्तरा

ग - - ध	**ध - प -**	**ग - रे सा**	**रे - सा -**
न व कै ऽ	शो ऽ रा ऽ	चि त शु भ	का ऽ या ऽ
ग - - प	**ग - रे ऽ**	**ग रे सा ध़**	**सा - - -**
चं ऽ द न	च ऽ र्चि त	न व घ न	का ऽ या ऽ

पुनः स्थाई अन्य अन्तरा इसी प्रकार

✿✿✿

जयति जय राधिके राधे जयति जय राधिके राधे

श्यामेश्वरी जयति जय राधे। प्रेमेश्वरी जयति जय राधे।
रमणेश्वरी जयति जय राधे। दीनेश्वरी जयति जय राधे।
मानेश्वरी जयति जय राधे। प्रणतेश्वरी जयति जय राधे।
दानेश्वरी जयति जय राधे। सर्वेश्वरी जयति जय राधे।
कृष्णेश्वरी जयति जय राधे। रासेश्वरी जयति जय राधे।
कुंजेश्वरी जयति जय राधे। राधिके राधिके राधिके राधिके।

स्थाई

ग	**रे सा रे ग**	**प - - -**	**ध - - -**	**प - ग**
ज	य ति ज य	रा ऽ ऽ धि	के ऽ रा ऽ	धे ऽ ऽ
ग	**रे ग सा ध़**	**सा - - रे**	**ग - रे -**	**सा - -**
ज	य ति ज य	रा ऽ ऽ धि	के ऽ रा ऽ	धे ऽ ऽ

अन्तरा

प - - -	**ध - - -**	**प - ग -**	**प - - -**
श्या ऽ मे ऽ	श्व री ऽ ज	य ति ज य	रा ऽ धे ऽ

इसी पर अन्य अन्तरा

प ध	**सां - - -**	**सां - रें गं**	**रें सां - -**	**सां -**
रा धि	के ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ रा धि	के ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ
रें सं	**ध - प -**	**ग - रे ग**	**रे - सा -**	**सा -**
रा धि	के ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ रा धि	के ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ

जय जयति युगल-चरणारविन्द

जय जयति युगल-चरणारविन्द जय राधे राधे गोविन्दा॥

जय राधे राधे गोविन्दा॥ जय जयति युगल० ॥

मृदु कुसुम पंखुड़ी रचित तल्प
नव केलिस्मितासव पान अल्प
पीयूष घर्षि प्रिय संग जल्प
प्रगटित नव सौरत केलि शिल्प

जय जयति दिव्य चरणारविन्द जय राधे राधे गोविन्दा॥

ताम्बूल खण्ड तुंदिल कपोल
जहं नील चिकुर चन्द्रिका लोल
आरक्त अधर छवि रद अमोल
माधुर्य जलधि उमड़त सुबोल

जय जयति भव्य चरणारविन्द जय राधे राधे गोविन्दा॥

स्थाई

प़ ध़̲	**प़ ध़̲ सा नी़**	**सा - - रे**	**नी़ सा रे ग̲**	**रे -**
ज य	ज य ति यु	ग ल च र	णा ऽ र विं	ऽ द
रे ग̲	**रे म ग̲ -**	**रे - सा रे**	**ध़̲ - - -**	**प़ -**
ज य	रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे ऽ	गो ऽ विं ऽ	दा ऽ

अंतरा

प -	**प - - -**	**म ग रे सा**	**रे म ग̲ -**	**रे -**
ज य	रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे ऽ	गो ऽ विं ऽ	दा ऽ

इसी पर ४ पंक्ति अंतरे की पुनः स्थाईवत्
''जय जयति दिव्य....''

जयति नील मणि जै नंदनंदन।

जय जय श्रीराधा चितरंजन॥
जै मरकत-मणि जै द्युति-कुंदन।
जयति युगल रसिकन कुल मण्डन॥
उज्जवल प्रेम सुधा रस मज्जन।
जै जै रसिकन के जीवन-धन॥
जय ब्रह्माचल गिरिवर श्रीवन।
जय जय गहवर वन की कुञ्जन॥

स्थाई

प़ - सा -	रे - सा -	ग - म रे	- - सा ध़
ज य ति नी	ऽ ल म णि	ज य नं द	नं ऽ द न
नी़ - रे -	ग - प -	ग - म ग	रे - सा -
ज य ज य	श्री ऽ रा ऽ	धा ऽ चि त	रं ऽ ज न

अंतरा

प - - -	प - सां -	नी - ध प	नी ध प -
ज य म र	क त म णि	ज य द्यु ति	कुं ऽ द न
म ग रे -	ग - प -	ग - म ग	रे - सा -
ज य ति यु	ग ल र सि	क न कु ल	मं ऽ ड न

पुनः स्थाई। शेष अन्तरा इसी प्रकार॥

दूसरी धुन स्थाई

प - - -	ध - प म	ग - प म	रे - सा -
ज य ति नी	ऽ ल म णि	ज य नं द	नं ऽ द न
ग सा ध़ नी़	सा - - रे	ग रे ग म	रे - सा -
ज य ज य	श्री ऽ रा ऽ	धा ऽ चि त	रं ऽ ज न

अंतरा

ध म ध नी	सां - - -	नी - ध -	सां प - -
ज य म र	क त म णि	ज य द्यु ति	कुं ऽ द न
नी - ध -	प - म -	ग - प म	रे - सा -
ज य ति यु	ग ल र सि	क न कु ल	मं ऽ ड न

इसी प्रकार अन्य अंतरा

✿✿✿

जय हरिवंश के राधावल्लभ

जय हरिवंश के राधावल्लभ जयहरिदास के बांकेविहारी
सेव्य मदनमोहन जू सनातन, रूप देव गोविन्द प्रचारी ॥
राधारमण जय भट्ट गोपाल जू गिरधर नागर मीरा वारी
जै श्रीनाथ जू वल्लभ जू के अष्ट छाप गोवर्द्धन धारी ॥
भट्ट नारायण प्रगट लाड़िली श्रीराधे बरसाने वारी
आनंदघन के कृष्ण बलदाऊ गोप रूप नंदीश्वर चारी ॥

स्थाई

ग - प ध	सां नी ध सां	ग - रे सा	रे - सा -
ज य ह रि	वं ऽ श के	रा ऽ धा ऽ	व ऽ ल्ल भ
ग - प -	ध सां - -	रें सां रें गं	रें - सां -
ज य ह रि	दा ऽ स के	बां ऽ के बि	हा ऽ री ऽ

अंतरा

ग म प म	ग रे सा -	प - म -	म - - -
म द न मो	ह ऽ न ऽ	स ना त न	जू ऽ के ऽ
ग - म ध	ध - - -	नी - ध -	प - - -
रू ऽ प ऽ	दे ऽ व गो	विं ऽ द प्र	चा ऽ री ऽ

आगे एक पंक्ति व एक अन्तरा इसी क्रम से ॥

जै राधेश्याम जय जै राधेश्याम

जय राधेश्याम जय जय राधेश्याम
जै राधेश्याम जै जय राधेश्याम॥
जय राधे राधे श्रीराधे
जै कृष्ण कृष्ण श्रीकृष्ण॥ जय राधेश्याम जय....
सरसीरुह नयना गौर तेज
रस वारि मनि दृग श्याम तेज॥ जय राधेश्याम जय....
चन्द्रिका चमक सिर गौर तेज
सिर मोर पंख रुचि श्याम तेज॥ जय राधेश्याम जय....
जलदाभ शाटिका गौर तेज
विद्युत द्युति अम्बर श्याम तेज॥ जय राधेश्याम जय....
शुचि मुक्ता माला गौर तेज
माला वैजन्ती श्याम तेज॥ जय राधेश्याम जय....
वक्षोज स्वर्ण घट गौर तेज
पृथु दीर्घ उरस्थल श्याम तेज॥ जय राधेश्याम जय....
पद पीत कमलमृदु गौर तेज
पद नीलकमल मृदु श्याम तेज॥ जय राधेश्याम जय....

स्थाई

म – – –	**म – – –**	**म प – म**	**ग – म ग**
जै ऽ रा धे	श्या म जै ऽ	जै ऽ रा धे	श्या ऽ ऽ म
रे सा रे नी̲	**सा – रे ग**	**म ग रे –**	**सा – – –**
जै ऽ रा धें	श्या म जै ऽ	जै ऽ रा धे	श्या ऽ ऽ म

अन्तरा

प ध	**म प म ग**	**रे सा रे ग**	**म ग रे –**	**सा –**
ज य	रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे ऽ	श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ
ज य	कृ ऽ ष्ण ऽ	कृ ऽ ष्ण ऽ	श्री ऽ कृ ऽ	ष्ण ऽ

इसी क्रम से अन्य अन्तरा।

जय जय श्रीहरी राधे जय जय श्रीहरी राधे

जय जय श्रीप्रभो राधे जय जय श्रीप्रभो राधे
जय जय श्रीप्रिया राधे जय जय श्रीप्रिया राधे
जय श्रीहरिप्रिया राधे जय श्रीहरिप्रिया राधे
जय श्रीराधिके राधे जय श्रीराधिके राधे
जय जय श्रीहरि जय जय श्रीहरि जै जै राधिके जै जै राधिके ॥

स्थाई

ग	**ग सा - -**	**सा - - -**	**ग रे ग म**	**ग रे -**
जै	जै श्री ऽ ह	री ऽ ऽ ऽ	रा ऽ ऽ ऽ	धे ऽ ऽ
ग	**ग सा - -**	**सा - - -**	**ग - - -**	**रे - -**
जै	जै श्री ऽ ह	री ऽ ऽ ऽ	रा ऽ ऽ ऽ	धे ऽ ऽ

अन्तरा

प	**प - - -**	**प - - मं**	**रे म ग -**	**रे - -**
जै	जै श्री ऽ ह	री ऽ ऽ जै	जै श्री ऽ ह	री ऽ ऽ
ध	**ध - - <u>ध</u>**	**ध - - नी**	**सां नी ध ऽ**	**प - -**
जै	जै श्री ऽ प्र	भो ऽ ऽ जै	जै श्री ऽ प्र	भो ऽ ऽ

अन्य पंक्तियाँ स्थाई या अन्तरा दोनों पर।

✿✿✿

जय श्रीराधा जय श्रीकृष्ण जय जय जय श्रीराधाकृष्ण

स्वर्ण कली-सी खिली लली श्रीकृष्णचंद्र रस रंग ढली री
श्रीराधा मुख-चन्द्र विकासी, नील-कमल ब्रजराज लला री

स्थाई

प - <u>ध</u> प	**<u>नी</u> - - -**	**<u>ध</u> <u>नी</u> <u>ध</u> -**	**प - - -**
ज य श्री ऽ	रा ऽ धा ऽ	ज य श्री ऽ	कृ ऽ ष्ण ऽ

सा - रे सा	**प - म -**	**ग म रे -**	**सा - - -**
ज य ज य	ज य श्री ऽ	रा ऽ धा ऽ	कृ ऽ ष्ण ऽ

अन्तरा

म - - -	**म - - -**	**ग म - ग**	**म - - -**
स्व ऽ र्ण क	ली ऽ सी ऽ	खि ली ऽ ल	ली ऽ श्री ऽ
म - - -	**नी - - -**	**ध नी ध -**	**प - - -**
कृ ऽ ष्ण चं	ऽ द्र र स	रं ऽ ग ढ	ली ऽ री ऽ

पुनः स्थाई। इसी प्रकार दूसरा अन्तरा।

✿✿✿

जय श्रीराधे जय श्रीराधे जै श्रीराधे राधेश्याम

जय श्रीकृष्ण जय श्रीकृष्ण जय श्रीकृष्ण श्यामाश्याम

नयन कोण अंकुश प्रहार हरि मत्त कलभ वशकरणी भाम

जै श्रीराधे ३ ॥.....

उन्मद मदन महा मदमाती, तिय करिणी मदहारी श्याम

जै श्रीराधे ३ ॥.....

स्थाई

सा प - -	**प - ध प**	**म - प म**	**ग रे सा नी**
ज य श्री ऽ	रा ऽ धे ऽ	जै ऽ श्री ऽ	रा ऽ धे ऽ
सा ग - सा	**ग म प म**	**ग - रे -**	**सा - - -**
जै ऽ श्री ऽ	रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे ऽ	श्या ऽ ऽ म

इसी पर ''जय श्रीकृष्ण ३'' भी

अन्तरा

म - ग म	**प - - -**	**प ध म -**	**प ध सां -**
न य न को	ऽ ण अं ऽ	कु श प्र हा	ऽ र ह रि
नी॒ - - ध	**प ध म म**	**प - नी॒ ध॒**	**प - - -**
म ऽ त्त क	ल भ व श	क र णी ऽ	भा ऽ ऽ म

पुन: स्थाई ''जै श्री राधे ३'' इसी प्रकार ''उन्मद मदन''
के बाद ''जै श्री कृष्ण''

✿✿✿

जय श्रीश्यामा जय श्रीश्याम, जै जै जै श्रीश्यामा-श्याम

जै जै श्रीबरसानेवारी जै जै नंदगाम संचारी
जै जै नील शाटिकावारी, जै जै पीताम्बर-तनु-धारी
जै जै गान कला गुन चतुरा, जै जै वंशीवादन मधुरा॥

स्थाई

प म॑ ग रे	**ग - - -**	**प म॑ ग रे**	**ग - - -**
ज य श्री ऽ	श्याऽ मा ऽ	ज य श्री ऽ	श्या ऽ ऽ म
म॑ ध म॑ ध	**म॑ - ग रे**	**ग - रे -**	**सा - - -**
ज यज य	ज य श्री ऽ	श्या ऽ मा ऽ	श्या ऽ ऽ म

अन्तरा

सां - - -	**सां - - -**	**नी ध नी रें**	**सां - - -**
ज य ज य	श्री ऽ ब र	सा ऽ ने ऽ	वा ऽ री ऽ
नी - - -	**नी - - -**	**सां नी ध -**	**प - - -**
ज य ज य	नं ऽ द गा	ऽ म सं ऽ	चा ऽ री ऽ

जय श्रीराधे जय नंदनंदन

जय श्रीराधे जय नंदनंदन, जय जय श्यामा नयनन अंजन॥
जय गोरी जय श्यामल मोहन, जै विद्युत–द्युति नव नीरज–घन॥
जै विधि इन्द्र काम–मद–मर्दन, उमा गिरा रति श्री जित रुचि तन॥
जै बरसानों जै गहवर–वन, जय वृन्दावन जय गोवर्द्धन॥

स्थाई

ग - - प	**रे - सा -**	**प़ - सा -**	**रे - सा -**
ज य श्री ऽ	रा ऽ धे ऽ	ज य नं द	नं ऽ द न
ग प नी सां	**गं रें सां नी**	**प ग प -**	**रे - सा -**
ज य ज य	श्या ऽ मा ऽ	न य न न	अं ऽ ज न

अंतरा

प - - -	**सां - - -**	**सां - - -**	**रें - सां -**
ज य गो ऽ	री ऽ ज य	श्या ऽ म ल	मो ऽ ह न
प - रें ऽ	**सां - प ग**	**ग - - प**	**रे - सा -**
ज य वि ऽ	द्यु त द्यु ति	न व नी ऽ	र ज घ न

अन्य अन्तरा इसी प्रकार।

✿✿✿

जय बरसानो गाम जै जै श्रीराधे।
महारानी कौ गाम जय जय श्रीराधे।

राधारानी कौ गाम जै जै श्रीराधे। श्यामा प्यारी कौ गाम जै जै श्रीराधे।

ठकुरानी कौ गाम जै जै श्रीराधे। ब्रजरानी कौ गाम जै जै श्रीराधे।

कैसो सुन्दर ठाम जै जै श्रीराधे। मन कौ भायौ धाम जै जै श्रीराधे।

राधे कृष्ण राधे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण राधे राधे।

राधे श्याम राधे श्याम, श्याम श्याम राधे राधे।

स्थाई

प - - -	**प म प सां**	**ध - - प**	**म ग रे सा**
जै ऽ ब र	सा ऽ नो ऽ	गा ऽ ऽ म	जै ऽ जै ऽ
रे ग रे सा	**सा - - -**		
श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ		

अन्तरा

ध सां - -	**सां - - रें**	**नी - - सां**	**ध - प ध**
म हा रा ऽ	नी ऽ को ऽ	धा ऽ ऽ म	जै ऽ जै ऽ
नी - ध -	**प - - -**		
श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ		

इसी पर अन्य अन्तरा

प - ग म	**प ध सां नी**	**ध प ध <u>नी</u>**	**ध - प -**
रा धे कृ ष्ण	रा धे कृ ष्ण	कृ ष्ण कृ ष्ण	रा धे रा धे

इसी तरह "राधे श्याम, राधे श्याम, श्याम श्याम राधे राधे।"

✿✿✿

जय प्रोद्दामा प्रेमा प्यारी, राधा राधा कीर्तिकुमारी॥

किसलय अधर कुंद कलिका रद
लता बाहु उर पुष्प गुच्छ वद्
नासा तिलकुसुमार्पित शोभा
सुमन मधूक गण्ड छवि लोभा
पुष्पमयी शोभित छवि वारी, राधा राधा कीर्तिकुमारी॥
नयन कमल मधि भ्रमर स्पंदित
कदली स्तम्भ जघन आन्दोलित
स्थल पंकज युग-चरण सुविकसित
अंगुलि दश नव दल द्युति सुरभित
मधु रस लोलुप श्याम विहारी, राधा राधा कीर्तिकुमारी॥

स्थाई

सा - - -	**रे नी सा रे**	**ग - रे सा**	**नी रे सा -**
ज य प्रो ऽ	द्दा ऽ मा ऽ	प्रे ऽ मा ऽ	प्या ऽ री ऽ
प - म -	**ग - सा रे**	**ग - रे -**	**सा - - -**
रा ऽ धा ऽ	रा ऽ धा ऽ	की ऽ र्ति कु	मा ऽ री ऽ

अन्तरा

प ध प म	**प - - -**	**नी - - -**	**ध - प -**
कि स ल य	अ ध र कुं	ऽ द क लि	का ऽ र द

''लता बाहु''
''नासा तिलकु''
इसी प्रकार

प सां - रें	**सां नी ध प**	**नी ध प म**	**ग म ग सा**
सु म न म	धू ऽ क गं	ऽ ड छ वि	लो ऽ भा ऽ

"पुष्पमयी शोभित" स्थाईवत्
इसी क्रम से अन्य अन्तरा।

❀❀❀

जय गौरांगी श्यामा राधे, कृष्णप्रिये जय नमो नमो

चरण चन्द्रकी चमक चन्द्रिका, हरि मन हरणी नमो नमो
चरण कमल की विमल रेणुका, प्रिय वशकरणी नमो नमो
दीन-पालिनी प्रणत धारिणी; भक्त तारिणी नमो नमो
संकट हरणी पालन करणी, मंगल भरणी नमो नमो
रति रस सरिता प्रिय मधु भरिता, सौरभ झरिता नमो नमो
योग कारिणी, क्षेम चारिणी श्रेष्ठ धारिणी नमो नमो

स्थाई

सा - प़ ध़	**सा - - -**	**सा ग रे म**	**ग रे सा -**
जै ऽ गौ ऽ	रां ऽ गी ऽ	श्या ऽ मा ऽ	रा ऽ धे ऽ
ध - प -	**म॑ म॑ ग रे**	**सा ग रे म**	**ग - - -**
कृ ऽ ष्ण प्रि	ये ऽ ज य	न मो ऽ न	मो ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

ध - - -	**ध - - प**	**ध सां - नी**	**ध - प -**
च र ण चं	ऽ द्र की ऽ	च म क च	ऽ न्द्रि का ऽ
ध - प -	**म॑ - ग रे**	**सा ग रे म**	**ग - - -**
ह रि म न	ह र णी ऽ	न मो ऽ न	मो ऽ ऽ ऽ

जय गोपाल जय गोपाल

जय गोपाल जय गोपाल जय राधापति दीनदयाल ॥

राधे राधे गोविन्द गोविन्द।

सुखमय सुखमय गोविन्द गोविन्द।

आनन्द आनन्द गोविन्द गोविन्द।

रूप उजियारी राधे बोलो रे।

नैनों का तारा गोविन्द बोलो रे।

ब्रज उजियारी राधे बोलो रे।

नन्द जू का प्यारा गोविन्द बोलो रे।

कीर्तिकुमारी राधे बोलो रे।

यशुदा का प्यारा गोविन्द बोलो रे।

स्थाई

सां - - -	**सां - - ध**	**नी - - सां**	**ध - <u>नी</u> प**
जै ऽ गो ऽ	पा ऽ ऽ ल	जै ऽ गो ऽ	पा ऽ ऽ ल
ध - म -	**प - ध नी**	**सां नी ध प**	**ध - प -**
जै ऽ रा ऽ	धा ऽ प ति	दी ऽ न द	या ऽ ऽ ल

अन्तरा

प - ग म	**प ध सां नी**	**ध - प -**	**म प म ग**
रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे ऽ	गो ऽ विं द	गो ऽ विं द

इसी प्रकार सभी अन्तरा।

जय राधे श्रीराधे

जै राधे श्रीराधे जै राधे-राधे प्रिया-प्रिया ॥

मोहन उर धारिणी श्रीराधे।
प्रियतम हित कारिणी श्रीराधे ॥
श्रीकुंज-विहारिणी श्रीराधे।
श्री रसिक-विहारिणी श्रीराधे ॥

श्रीमान-विहारिणी श्रीराधे।
श्रीदान विहारिणी श्रीराधे ॥
श्रीरास-विहारिणी श्रीराधे।
श्रीपुलिन-विहारिणी श्रीराधे ॥

श्रीकेलि-विहारिणी श्रीराधे।
छैल-विहारिणी श्रीराधे ॥
कीरति-कुल कन्या श्रीराधे।
गोपन-कुल धन्या श्रीराधे ॥

रस-रीति अनन्या श्रीराधे
पिय प्रीति अनन्या श्रीराधे।

स्थाई

ग - रे -	**सा - - -**	**रे नी रे -**	**रे - प -**
ज य रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ	श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ ज य
प - - म	**ध प ग -**	**रे ग रे ग**	**रे - सा -**
रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे ऽ	प्रि या ऽ प्रि	या ऽ ऽ ऽ

अंतरा

प -	**ध - म -**	**प - ध नी**	**ध - प -**	**प -**
मो ऽ	ह न उ र	धा ऽ रि णी	श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ
प -	**ध - म -**	**ग - रे -**	**ग - रे -**	**सा -**
प्रि य	त म हि त	का ऽ रि णी	श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ

✿✿✿

जय राधे श्रीराधे नित्य किशोरी श्रीराधे

जय राधे श्रीराधे नित्य किशोरी श्रीराधे।
नवल किशोरी श्रीराधे, भानु किशोरी श्रीराधे।
कीर्ति किशोरी श्रीराधे, ललित किशोरी श्रीराधे।
मधुर किशोरी श्रीराधे, चतुर किशोरी श्रीराधे।
कृष्ण लाड़िली श्रीराधे, श्याम लाड़िली श्रीराधे।
प्रेष्ठ प्रेयसी श्रीराधे, भाव-भूयसी श्रीराधे।
पियरति नेमा श्रीराधे, समधिक प्रेमा श्रीराधे।
गुण भूयिष्ठा श्रीराधे, सुरति गरिष्ठा श्रीराधे।
तेज महिष्ठा श्रीराधे, प्रीति वरिष्ठा श्रीराधे।
अतिशय प्रेष्ठा श्रीराधे, निरवधि श्रेष्ठा श्रीराधे॥

स्थाई

ध़ - सा रे	**ग - - रे**	**ग म ग रेग**	**रे सा - ध़**
ज य रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ	श्री ऽ रा ऽऽ	धे ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

प - - ध	**प म - प**	**म ग म प**	**मग मप मग म-**
नि ऽ त्य कि	शो ऽ री ऽ	श्री ऽ रा ऽ	धेऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ

अन्तरा

नी - - -	**ध - - -**	**सां - प म**	**प - - -**
न व ल कि	शो ऽ री ऽ	श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ
नी - ध -	**प म ग रे**	**ग म ग रे**	**सा - - -**
भा ऽ नु कि	शो ऽ री ऽ	श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ

✿✿✿

जय राधे राधे राधे जय जय जयश्रीराधे

जय राधे राधे राधे जय जय जय श्रीराधे।
वृषभानुदुलारी राधे, जय जय जय श्रीराधे।
बरसानेवारी राधे, जय जय जय श्रीराधे।
वृन्दावनवारी राधे, जय जय जय श्रीराधे।
राधा-कुण्डवारी राधे, जय जय जय श्रीराधे।
रावल-वनवारी राधे, जय जय जय श्रीराधे।
कीरति सुकुमारी राधे, जय जय जय श्रीराधे।
मोहन की प्यारी राधे, जय जय जय श्रीराधे।
ब्रजकी उजियारी राधे, जय जय जय श्रीराधे।

स्थाई

सा	**सा रे - सा**	**रे ग - सा**	**रे ग रे सा**	**सा - -**
जै	रा धे रा धे	रा ऽ धे ऽ	जै जै जै श्री	रा ऽ धे

अन्तरा

म	**म - - रे**	**म - - -**	**प ध प म**	**ग - सा**
वृष	भा नु दुलारी	रा ऽ धे ऽ	जै जै जै श्री	रा ऽ धे

द्वितीय धुन स्थाई

रे	**सा सा रे ग**	**रे - - सा**	**ग - म प**	**म - ग**
जै	रा धे रा धे	रा ऽ धे जै	जै जै श्री ऽ	रा ऽ धे

अन्तरा

ग	**ग - - -**	**म ग म -**	**प ध प म**	**ग रे सा**
वृष	भा नुदु ला री	रा ऽ धे ऽ	जै जै जै श्री	रा ऽ धे

✿✿✿

जय राधे राधे श्रीराधे, जय कृष्ण कृष्ण श्रीकृष्ण

जय श्रीराधे, जय श्रीकृष्ण

जय गौर नील राधेकृष्ण। जय मधुर मधुर राधेकृष्ण।
जय कृपासिंधु राधेकृष्ण। जय दयासिंधु राधेकृष्ण।
जय प्रीतिसिंधु राधेकृष्ण। जय दीनबंधु राधेकृष्ण।
जय अति दयालु राधेकृष्ण। जय अति कृपालु राधेकृष्ण।
गोपी सर्वस्व राधे कृष्ण। ब्रजजन सर्वस्व राधे कृष्ण।
ब्रजजन विचरण राधेकृष्ण। कुंजन विहरण राधेकृष्ण।
मनमथ मोहन राधेकृष्ण। राधा मोहन राधेकृष्ण।

स्थाई

प -	**प ध प म**	**म प म ग**	**स ग प म**	**प म**
जै ऽ	रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे ऽ	श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ
ध -	**ध - - -**	**ध नी रें सां**	**नी - ध -**	**प -**
जै ऽ	कृ ऽ ष्ण ऽ	कृ ऽ ष्ण ऽ	श्री ऽ कृ ऽ	ष्ण ऽ

अन्तरा

सां -	**- - - -**	**नी - ध म**	**प ध सां नी**	**ध प**
जै ऽ	श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ जै ऽ	श्री ऽ कृ ऽ	ष्ण ऽ

इसी प्रकार अन्य अन्तरा

जै राधे राधे कृष्णप्रिये, जै स्नेहमयी जय प्रेममयी॥

जय जय ममता मूरति राधे, जै जै मृदुता मूरति राधे।
जय जय प्रणतशीलिनी राधे, जय जय प्रेमशीलिनी राधे।
जय जय कृष्णशीलिनी राधे, जय जय श्यामशीलिनी राधे।
जय जय कृपाशीलिनी राधे, जय जय दयाशीलिनी राधे॥

स्थाई

ग म	**ग म ग रे**	**रे ग रे सा**	**सा रे - सा**	**ग -**
जै ऽ	रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे ऽ	कृ ऽ ष्ण प्रि	ये ऽ
ग -	**म ग रे -**	**रे - ध़ नी़**	**सा ग रे -**	**सा -**
जै ऽ	स् ने ह म	यी ऽ जै ऽ	प्रे ऽ म म	यी ऽ

अंतरा

प - - -	**म॑ प - -**	**म॑ म॑ ग रे**	**रे म ग -**
जै ऽ जै ऽ	म म ता ऽ	मू ऽ र ति	रा ऽ धे ऽ

इसी पर ''जै जै मृदुता-'' पुनः स्थाईवत्

इसी क्रम से शेष

जय राधे राधे राधिके

जय राधे राधे राधिके॥
जय कुँज-विहारिणी राधिके॥
जय नवल विहारिणी राधिके॥
जय पुलिन विहारिणी राधिके॥
जय केलि विहारिणी राधिके॥
हरि हृदय विहारिणी राधिके॥

निज पिय उर धारिणी राधिके॥
श्रीराधा नामिनी राधिके॥
श्रीश्यामा नामिनी राधिके॥
करुणामयि स्वामिनी राधिके॥

स्थाई

सा -	**रे ग रे सा**	**रे ग प -**	**ग - रे -**	**सा -**
ज य	रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे ऽ	रा ऽ ऽ धि	के ऽ

अन्तरा

प -	**ध - म -**	**प ध नी -**	**ध - नी ध**	**प -**
श्री ऽ	कुं ऽ ज वि	हा ऽ रि णी	रा ऽ ऽ धि	के ऽ

दूसरी धुन

स्थाई

ध -	**पध पनी धप मग**	**म ध - -**	**सा - नी ध**	**नी ध**
ज य	राऽ ऽऽ धेऽ ऽऽ	रा ऽ धे ऽ	रा ऽ ऽ धि	के ऽ

अन्तरा

म -	**- - - ग**	**म प ध नी**	**ध - - प**	**ध -**
ज य	कुं ऽ ज वि	हा ऽ रि णि	रा ऽ ऽ धि	के ऽ
सां -	**सां रें नी -**	**ध - नी ध**	**प ध प म**	**- -**
ज य	न व ल वि	हा ऽ रि णि	रा ऽ ऽ धि	के ऽ

इसी क्रम से शेष।

जय राधे जय राधे जय जय गोविन्द जय राधे

जय राधे जय राधे जय जय गोविन्द जय राधे॥
मोहन मन मोहिनी श्रीराधे। प्रियतम प्राणेश्वरी श्रीराधे।
कीरत वर कन्या श्रीराधे। अद्भुत लावण्या श्रीराधे।
हरि–चन्द्र–चकोरी श्रीराधे। षोडशी किशोरी श्रीराधे।
ब्रजराज भामिनी श्रीराधे। विटराज कामिनी श्रीराधे।
गोपेश–जीवनी श्रीराधे। रसिकेश स्वामिनी श्रीराधे।
प्रोद्दाम प्रेमा श्रीराधे। रसदात्री क्षेमा श्रीराधे॥

स्थाई

सा – रे –	**म – – –**	**ग रे सा रे**	**ग – – –**
ज य रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ	ज य रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ
रे – <u>नी</u> –	**सा – रे –**	**म ग रे –**	**सा – – –**
ज य ज य	गो ऽ विं द	ज य रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ

अंतरा

प –	**ध – म –**	**ग रे ग –**	**म ग रे –**	**सा –**
मो ऽ	ह न म न	मो ऽ हि नी	श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ

इसी प्रकार अन्य अन्तरा।

✿✿✿

जय राधे जय श्रीराधे

जय राधे जय श्रीराधे, जय राधे जय श्रीराधे॥
कटैं कोटि जनमके बाधे, जय राधे जै श्रीराधे॥
जाकूं श्यामसुन्दर आराधे, जय राधे जै श्रीराधे॥
रस प्रेम पयोधि आगाधे, जय राधे जै श्रीराधे॥
रस भरी भक्ति सुध साधे, जय श्रीराधे जै श्रीराधे॥
बिन राधे हरि हू आधे, जय राधे जै श्रीराधे॥

स्थाई

नी़ ध़	**नी़ सा - -**	**रे - ग - **	**रे - - सा**	**नी़ सा**
ज य	रा ऽ धे ऽ	ज य श्री ऽ	रा ऽ ऽ ऽ	धे ऽ
ध़ -	**नी़ सा ऽ ऽ**	**रे ऽ ग ऽ**	**रे - - -**	**सा -**
ज य	रा ऽ धे ऽ	ज य श्री ऽ	रा ऽ ऽ ऽ	धे ऽ

अन्तरा

म -	**म - - -**	**म - - ग**	**सा - रे ग**	**रे सा**
क टै	को ऽ टि ज	न म के ऽ	बा ऽ ऽ ऽ	धे ऽ
नी़ ध़	**नी़ सा - -**	**रे - ग -**	**रे सा ग रे**	**सा -**
जै ऽ	रा ऽ धे ऽ	ज य श्री ऽ	रा ऽ ऽ ऽ	धे ऽ

इसी प्रकार अन्य अन्तरा भी।

जय राधा जय राधा राधा

जय राधा जय राधा राधा, जय राधा जय श्रीराधा।
जय माधव जय माधव माधव, जय माधव जय श्रीमाधव।
जय श्यामा जय श्यामा श्यामा, जय श्यामा जय श्रीश्यामा।
जय मोहन जय मोहन मोहन, जय मोहन जय श्रीमोहन।
जय भामा जय भामा भामा, जय भामा जय श्रीभामा।
जय गिरिधर जय गिरिधर गिरिधर, जय गिरिधर जय श्रीगिरिधर।
जय कृष्णा जय कृष्णा कृष्णा, जय कृष्णा जय श्रीकृष्णा।
जय नागर जय नागर नागर, जय नागर जय श्रीनागर।
जय शोभा जय शोभा शोभा, जय शोभा जय श्रीशोभा।
जय वल्लभ जय वल्लभ वल्लभ, जय वल्लभ जय श्रीवल्लभ।
जय प्यारी जय प्यारी प्यारी, जय प्यारी जय श्रीप्यारी।
जय प्रियतम जय प्रियतम प्रियतम, जय प्रियतम जय श्रीप्रियतम।

स्थाई

नी सा ध नी	**सा - - -**	**सा रे सा नी**	**सा रे ग -**
ज य रा ऽ	धा ऽ ज य	रा ऽ धा ऽ	रा ऽ धा ऽ
रे ग सा रे	**नी ऽ रे ऽ**	**ग ऽ रे ऽ**	**सा - - -**
ज य रा ऽ	धा ऽ ज य	श्री ऽ रा ऽ	धा ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

प - - -	**प - ध प**	**म प म ग**	**रे - म -**
ज य मा ऽ	ध व ज य	मा ऽ ध व	मा ऽ ध व
प - म -	**ग - रे ग**	**म ग रे -**	**सा - - -**
ज य मा ऽ	ध व ज य	श्री ऽ मा ऽ	ध व ऽ ऽ

जय राधिका जय राधिका जय राधिका जय राधिका॥

जय लाड़िली जय लाड़िली जय लाड़िली जय लाड़िली।
जय स्वामिनी जय स्वामिनी जय स्वामिनी जय स्वामिनी।
जय भामिनी जय भामिनी जय भामिनी जय भामिनी।

स्थाई

सा -	**ध - - प**	**ध - प म**	**प - - म**	**प -**
ज य	रा ऽ ऽ धि	का ऽ ज य	रा ऽ ऽ धि	का ऽ
सा -	**- - रे सा**	**स - ध प**	**म - - -**	**- -**
ज य	रा ऽ ऽ धि	का ऽ ज य	रा ऽ ऽ धि	का ऽ

अन्तरा

सां -	**सां - रें नी**	**सां - - -**	**- - रें नी**	**सां -**
ज य	ला ऽ ऽ ड़ि	ली ऽ ज य	ला ऽ ऽ ड़ि	ली ऽ
सां -	**नी - ध म**	**प - ध नी**	**ध - प -**	**म -**
ज य	रा ऽ ऽ धि	का ऽ ज य	रा ऽ ऽ धि	का ऽ

✿✿✿

जय राधावर जय राधावर जै गिरधारी जय गोपाल
जै जै दीनानाथ संवरिया करुणा सागर दीन दयाल।

खिली मल्लिका कबरी गूंथित, शिखि शिखण्ड मस्तक पर शोभित।
पृथुल श्रोणि रसना संकूजित, वेणुध्वनि, पञ्चम स्वर गुंजित।
अतिशय लज्जा गति सुकुमारी लोल ललित रति तनु गिरिधारी।
नेति नेति बामा गति कह तिय, मधुर काकुबानी बोलत पिय।
सुधा सिन्धु प्रति अंगनि निःसृत, आनन छवि विधु कोटि तिरस्कृत।

स्थाई

प़ - स नी़॒	**रे - सा -**	**रे - ग रे**	**ग म ध प**
ज य रा ऽ	धा ऽ व र	ज य रा ऽ	धा ऽ व र
रे ग म नी॒	**ध - प -**	**रे ग म प**	**म - ग -**
ज य रा ऽ	धा ऽ व र	ज य गो ऽ	पा ऽ ऽ ल

अंतरा

प - सां -	**सां - - -**	**सां - - -**	**नी रें सां -**
ज य ज य	दी ऽ ना ऽ	ना ऽ थ सं	व रि या ऽ
ध - - -	**नी - सां -**	**प रें सां -**	**ध - प -**
क रु णा ऽ	सा ऽ ग र	दी ऽ न द	या ऽ ऽ ल

पुनः स्थाई।　　इसी प्रकार अन्य अन्तरा।

✿✿✿

जय राधारमण गोविन्द कन्हैया

जय राधारमण गोविन्द कन्हैया मनमोहन नंदलाला हे गिरधारी गोपाला।
जयराधे, जयराधे, जयराधे जय श्रीराधे॥
भानुर्नंदिनी मधुपति अंकम, रस–वाहिनी रसार्णव संगम।
जय श्यामा रमण गोविन्द कन्हैया मनमोहन नंदलाल हे गिरिधारी गोपाला।
गाढ़ा श्लेष मेघ विधु पूनम, रति मन्मथ जय मंगल उद्यम।
जयकृष्ण रमण गोविन्द कन्हैया मनमोहन नंद लाला हे गिरिधारी गोपाला॥

स्थाई

सा रे	**ध़ सा - -**	**रे म म म**	**ग - रे सा**	**रे म - -**
ज य	रा ऽ धा ऽ	र म ण गो	विं ऽ द क	न्है ऽ या ऽ
	ग ग म ग	**रे सा रे ग**	**रे - - सा**	**नी सा नी ध़**
	म न मो ऽ	ह न नं द	ला ऽ ऽ ऽ	ला ऽ हे ऽ
	सा - रे -	**ग - रे -**	**सा - - -**	**सा - - -**
	गि रि धा ऽ	री ऽ गो ऽ	पा ऽ ऽ ऽ	ला ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

म -	**प - ध -**	**ध - प म**	**प - ध -**	**ध -**
ज य	रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ ज य	रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ
ध -	**प - म ग**	**रे सा ध -**	**प - म -**	**म -**
ज य	रा ऽ धे ऽ	ज य श्री ऽ	रा ऽ ऽ ऽ	धे ऽ
प - - -	**ध सां - -**	**नी - ध नी**	**ध - प -**	
भा ऽ नु नं	ऽ दि नी ऽ	म धु प ति	अं ऽ क म	
प नी ध प	**म ग रे -**	**म ग रे -**	**सा - - -**	
र स वा ऽ	हि नी ऽ र	सा ऽ र्ण व	सं ऽ ग म	

इसी क्रम से अन्य अन्तरा

जय राधा मोहन श्याम गोविन्दा

जय राधा मोहन श्याम गोविन्दा गिरिधारी गिरिधारी॥

श्रीमनमोहन कृष्णकन्हैया

राधावल्लभ वंशीबजैया

जय राधा प्रियतम श्याम गोविन्दा गिरिधारी गिरिधारी॥

अंस भुजार्पित कमल नचावत

अद्भुत राग सुरन आलापत

जय ब्रज जन पूरन काम गोविन्दा गिरिधारी गिरिधारी॥

स्वर वैचित्र्य कोटि दरसावत

नव रति मंगल गीतहि गावत

जय सहचरि पूरण काम गोविन्दा गिरिधारी गिरिधारी॥

स्थाई

सा -	**ध़ - सा -**	**रे - ग -**	**म - ग -**	**रे ग रे सा**
ज य	रा ऽ धा ऽ	मो ऽ ह न	श्या ऽ म गो	विं ऽ दा ऽ
	ध़ - सा -	**रे ग रे सा**	**म ग रे सा**	**सा - - -**
	गि रि धा ऽ	री ऽ ऽ ऽ	गि रि धा ऽ	री ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

प - - ध	**प - म -**	**ग - रे ग**	**रे - सा -**
श्री ऽ म न	मो ऽ ह न	कृ ऽ ष्ण क	न्है ऽ या ऽ

''राधा वल्लभ वंशी बजैया''- इसी तरह

पुनः ''राधा प्रियतम''-स्थाईवत्

इसी क्रम से अन्य अन्तरा॥

जय राधाकृष्ण गोविन्दे जै गोविन्दे गोपाल राधे माधव

जय राधाकृष्ण गोविन्दे जै गोविन्दे गोपाल राधे माधव॥
गोपाल गोविन्द माधव गोपाल गोविन्द माधव
जै माधव जै माधव॥ जै राधे कृष्ण०...... ॥
श्यामामणि गोरी माधवी, श्यामामणि गोरी माधवी
जै माधवी जै माधवी॥ जै राधे कृष्ण०...... ॥
रसिकेन्द्र मौलि हरिमोहन, रसिकेन्द्र मौलिहरि मोहन
जै मोहन जै मोहन॥ जै राधे कृष्ण०...... ॥
रसिकिनी स्वामिनी राधिका, रसिकिनी स्वामिनी राधिका
जय राधिका जय राधिका॥ जै राधे कृष्ण०...... ॥

स्थाई

ग -	**म प - -**	**प - - ध**	**सां - - रें**	**नी - प ध**
ज य	रा ऽ धे ऽ	कृ ऽ ष्ण ऽ	गो ऽ विं ऽ	दे ऽ ज य
	सां - - रें	**नी - प ध**	**सां - - नी**	**ध प म ग**
	गो ऽ विं ऽ	दे ऽ गो ऽ	पा ऽ ऽ ल	रा ऽ धे ऽ
	म प - -	**प -**		
	मा ऽ ऽ ध	वा ऽ		

अन्तरा

गं -	**गं - - -**	**गं - मं गं**	**रें - गं मं**	**पं -**
गो ऽ	पा ऽ ऽ ल	गो ऽ विं द	मा ऽ ऽ ध	वा ऽ
पं -	**मं पं - मं**	**गं - रें सां**	**सां गं रें मं**	**गं -**
गो ऽ	पा ऽ ऽ ल	गो ऽ विं द	मा ऽ ऽ ध	वा ऽ

सां रें	**नी सां - नी**	**ध प म ग**	**म प - -**	**प - म ग**
जै ऽ	मा ऽ ऽ ध	वा ऽ जै ऽ	मा ऽ ऽ ध	वा ऽ जै ऽ

इसी क्रम से शेष

✿✿✿

जय राधा कृष्ण गोविन्दा जय भक्तन मन आनंद कंदा।

दयामयी दीनन की श्यामा, मोहन गावैं राधा नामा
जय श्रीराधे नंदनंदा, जै भक्तन मन आनंद कंदा
शोण अधर मृदु मंद हास शुचि, लज्जित दाडिम मुक्ताफल रुचि
निज वशपतिका स्वच्छन्दा, जै भक्तन मन आनंद कंदा
चारु वृत्त वक्षोज घटद्वय, वर वार्णिनी रमण कौतुकमय
उज्जवल रसलतिका कंदा, जै भक्तन मन आनंद कंदा
गुंजितालि नूपुर पादाब्जा, कृणित हंस गण किंकिणि सज्जा
रति कूजित रसनिष्पन्दा जै भक्तन मन आनंद कंदा

स्थाई

सा -	**प - - -**	**प ध प म**	**ग म ग म**	**प ध**
जै ऽ	रा ऽ धा ऽ	कृ ऽ ष्ण ऽ	गो ऽ विं ऽ	दा ऽ
प म	**ग रे सा नी**	**सा रे ग म**	**रे ग सा रे**	**सा -**
जै ऽ	भ ऽ क्त न	म न आ ऽ	नं द कं ऽ	दा ऽ

अन्तरा

सां - - -	**नी ध प म**	**प - - नी**	**ध - प -**
द या ऽ म	यी ऽ दी ऽ	न न की ऽ	श्या ऽ मा ऽ

इसी प्रकार ''मोहन गावै'' पुनः स्थाईवत्

''जय श्री राधे नंदनंदा

इसी क्रम से अन्य अन्तरा।

जय जय श्रीराधिकेश

जय जय श्रीराधिकेश, जय जय श्रीराधिकेश।
जय जय श्री गोकुलेश, जय जय श्री गोकुलेश।
मेरो प्रभु राधिकेश, मेरो प्रभु राधिकेश।
मेरो जीवन राधिकेश, मेरो जीवन राधिकेश।
मेरो प्राण राधिकेश, मेरो प्राण राधिकेश।
मेरो प्यारो राधिकेश, मेरो प्यारो राधिकेश।
मेरो स्वामी राधिकेश, मेरो स्वामी राधिकेश।
मेरो सर्वस्व राधिकेश, मेरो सर्वस्व राधिकेश।
मेरो धन राधिकेश, मेरो धन राधिकेश।
मेरी गति राधिकेश, मेरी गति राधिकेश।
मेरी मति राधिकेश, मेरी मति राधिकेश।
मेरी रति राधिकेश, मेरी रति राधिकेश।
राधिकेश राधिकेश राधिकेश राधिकेश।
गोकुलेश गोकुलेश गोकुलेश गोकुलेश।

स्थाई

ग - - प	**रे - ध़ -**	**रे - - ग**	**सा - - -**
जै जै ऽ श्री	रा धि के श	जै जै ऽ श्री	रा धि के श

अन्तरा

सा रे ग प	**प - - -**	**ध प ग रे**	**ग - - -**
जै जै ऽ श्री	गो कु ले श	जै जै ऽ श्री	गो कु ले श

इसी पर अन्य अन्तरा॥

ग प	**सां - - -**	**सां - रें सा**	**ध - - -**	**प -**
रा धि	के ऽ ऽ ऽ	ऽ श रा धि	के ऽ ऽ ऽ	ऽ श
ग प	**ध - - -**	**ध - प ग**	**ध - प -**	**प -**
गो कु	ले ऽ ऽ ऽ	ऽ श गो कु	ले ऽ ऽ ऽ	ऽ श

जय जय श्रीराधा सुख भामिनी,
जै जै करुणाधामिनी जै जै श्रीराधा श्रीराधा

जै जै कुंजविहारिणी प्यारी, जै जै पिय उर धारिणी
जै जै रासविहारिणी जै जै, पिय उर निज पग धारिणी
जै जै श्रीराधा श्रीराधा, जै जै श्रीराधा श्रीराधा॥
जै जै राधे जै जै श्याम॥

स्थाई

नी़ - सा -	**नी़ सा म रे**	**नी़ - ध़ -**	**नी़ रे - सा**
ज य ज य	श्री ऽ रा ऽ	धा ऽ सु ख	भा ऽ मि नी
रे - ग -	**रे ग म प**	**मग म - -**	**ग रे नी़ ध़**
जै ऽ जै ऽ	क रु णा ऽ	धाऽ ऽ मि नी	ज य ज य
ध़ नी़ रे -	**रेग मग म रे**	**सा - - -**	**सा - - -**
श्री ऽ रा ऽ	धा ऽऽ ऽ श्री	रा ऽ ऽ ऽ	धा ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

प - ग म	**प - - -**	**प ध म -**	**ध - - -**
जै ऽ जै ऽ	कुं ऽ ज वि	हा ऽ रि णी	प्या ऽ री ऽ
ध - - -	**ध - नी सां**	**नी - ध -**	**ध - - -**
जै ऽ जै ऽ	पि य उ र	धा ऽ ऽ रि	णी ऽ ऽ ऽ
ध नी रें सां	**रें - - -**	**नी प ध सां**	**रें गं रें ग**
जै ऽ जै ऽ	रा ऽ स वि	हा ऽ रि णी	ज य ज य
सां - - रें	**नी ध प ध**	**नी - सां -**	**सां - - -**
पि य उ र	नि ज प ग	धा ऽ ऽ रि	णी ऽ ऽ ऽ

ध - - -	**ध - नी ध**	**सां - - -**	**सां - - -**
जै ऽ जै ऽ	श्री ऽ रा ऽ	धा ऽ ऽ श्री	रा ऽ धा ऽ
ग रे नी़ ध़	**ध़ नी़ रे -**	**म ग म रे**	**सा - - -**
जै ऽ जै ऽ	श्री ऽ रा ऽ	धा ऽ ऽ श्री	रा ऽ धा ऽ
नी़ - सा -	**नी़ सा ग रे**	**सा - नी़ ध़**	**नी़ ध़ सा -**
जै ऽ जै ऽ	ऽ ऽ रा धे	जै ऽ जै ऽ	ऽ ऽ श्या म

❀❀❀

जय जय वृषभानु दुलारी

जय जय वृषभानु दुलारी जय जय दयामयी।
जय जय मोहन जू की प्यारी जय जय दयामयी॥
राधे राधे गाये जा, जीवन सफल बनाये जा॥
जय जय कीरत सुकुमारी जय जय दयामयी॥
जय जय मोहन की प्यारी जय जय दयामयी॥
जय जय मुखचन्द्र शोभने जय जय दयामयी।
जय जय नव केलि मोहने जय जय दयामयी॥
जय जय रस केलि पालिते जय जय दयामयी।
जय जय प्रिय क्रोड लालिते जय जय दयामयी॥

स्थाई

ग म	**ध - - -**	**प - म ग**	**रे - सा -**
ज य	ज य वृ ष	भा ऽ नु दु	ला ऽ री ऽ
	नी़ सा रे ग	**रे प - म**	**ग -**
	ज य ज य	द या ऽ म	यी ऽ

अन्तरा

सा	**-**	**रे**	**-**	**रे**	**ग**	**-**	**म**	**ग**	**रे**	**-**	**म**	**ग**	**-**	**-**	**-**
रा	ऽ	धे	ऽ	रा	ऽ	धे	ऽ	गा	ऽ	ये	ऽ	जा	ऽ	ऽ	ऽ
प	**ऽ**	**ऽ**	**ध**	**म**	**प**	**म**	**ग**	**रे**	**ग**	**रे**	**म**	**ग**	**-**	**-**	**-**
जी	ऽ	व	न	स	फ	ल	ब	ना	ऽ	ये	ऽ	जा	ऽ	ऽ	ऽ

✿✿✿

जय जय राधे जय घनश्याम

जय जय राधे जय घनश्याम, जै जै जोरी मंगल धाम॥

महारानी राधे भानुदुलार।

रसिया है नागर नंदकुमार।

नित बरसावैं रस अविराम, जै जै जोरी मंगल धाम॥

सब देव मुकुटमणि नंदलाल।

जीवन श्रीराधे रसिक बाल।

वन विहरैं नित ही सुखकाम, जै जै जोरी मंगल धाम॥

हरि करत प्रिया कौ आराधन।

निज तन मन प्रिया करै अर्पन।

द्वै देही पर एकहि प्रान, जै जै जोरी मंगल धाम॥

स्थाई

सा	**-**	**-**	**रे**	**नी़**	**-**	**प़**	**-**	**नी़**	**सा**	**रे**	**सा**	**रे**	**-**	**-**	**-**
जै	ऽ	जै	ऽ	रा	ऽ	धे	ऽ	जै	ऽ	घ	न	श्या	ऽ	ऽ	म
रे	**-**	**प**	**-**	**म**	**-**	**रे**	**-**	**सा**	**ऽ**	**रे**	**नी़**	**सा**	**-**	**-**	**-**
जै	ऽ	जै	ऽ	जो	ऽ	री	ऽ	मं	ऽ	ग	ल	धा	ऽ	ऽ	म

अंतरा

म	-	**म**	-	-	-	**ग**	-	**रे**	**ग**	**रे**	**सा**	**नी**	**सा**	**रे**	**प**		
म	हा	रा	ऽ	नी	ऽ	रा	ऽ	धे	ऽ	भा	ऽ	नु	दु	ला	र		
सां	-	**<u>नी</u>**	-	-	-	**ध**	-	**प**	**ध**	**प**	**म**	**ग**	**म**	**प**	-		
रा	सि	या	ऽ	है	ऽ	ना	ऽ	ग	र	नं	ऽ	द	कु	मा	र		

''नित बरसावै'' स्थाईवत्

इसी प्रकार अन्य अन्तरा।

✿✿✿

जै जै राधेगोविंद, माधव मुकुंद, माधव मुकुंद माधव मुकुंद॥

वृषभान कुंवरि श्रीनंद नंद, एक गौर चन्द एक नील चन्द॥
आनंद कंद श्रीयुगल चन्द, नित युगल केलि निरवधि अनंद।
विहरत गहवर वन अति स्वच्छंद, नहि काल बंध नहि कर्म बंध।
युग लाल चरण रस केलि कन्द, पद युगल सेय सब छांड द्वन्द।

स्थाई

सा	**<u>नी</u>**	**स**	**<u>ग</u>**	**मं**	**प**	**सा**	**प**	**मं**	**<u>नी</u>**	**सा**	**<u>ग</u>**	-	-	**सा**	-
जै	जै	रा	ऽ	धे	गो	विं	द	मा	ऽ	ध	व	मु	कुं	ऽ	द

अन्तरा

प	-	**प**	-	**<u>नी</u>**	-	**<u>नी</u>**	-	**रें**	-	**सां**	-	**<u>नी</u>**	**प**	**मं**	**प**
मा	ऽ	ध	व	मु	कुं	ऽ	द	मा	ऽ	ध	व	मु	कुं	ऽ	द

पुनः स्थाई॥

इसी प्रकार अन्य अन्तरा॥

जय जय राधे गोविंदा गोपाल, जै जै राधावर माधव हरे॥

गिरिधारी रे विहारी नन्दलाल, राधावर माधव हरे। माधव हरे माधव हरे।

हरि राधा के गलमाल राधावर माधव हरे।

राधा हरि की गलमाल राधावर माधव हरे।

रुचि शीशफूल विधु भाल राधावर माधव हरे।

लट घुंघराली शुभ भाल, राधावर माधव हरे॥

स्थाई

सा -	**सा - ग -**	**म ग ध -**	**प - - -**
जै जै	रा ऽ धे गो	विं दा गो ऽ	पा ऽ ऽ ल
सां - - -	**ग प म प**	**ग - रे -**	**सा -**
जै ऽ जै ऽ	रा धा व र	मा ध व ह	रे ऽ

अन्तरा

नी -	**सां - - -**	**सां - रें नी**	**सां - - नी**
गि रि	धा री रे वि	हा री नं द	ला ऽ ऽ ल
ध प म प	**नी ध नी ध**	**प -**	
रा धा व र	मा ध व ह	रे ऽ	

इसी पर अन्य अन्तरे

नी - - रें	**सां - - -**	**नी - - रें**	**सां - - -**
मा ध व ह	रे ऽ ऽ ऽ	मा ध व ह	रे ऽ ऽ ऽ

जै जै राधे गोविंद जै जै राधे गोविंद॥

प्रभु दीन-दुखहारी, जै जै राधे गोविंद।
प्रभु भक्त-भयहारी, जै जै राधे गोविंद।
प्रभु दीन-दुख-नाशन, जै जै राधे गोविंद।
प्रभु आश्रित-पालक, जै जै राधे गोविंद।
प्रभु कलिमल गंजन, जै जै राधे गोविंद।
प्रभु कर्म विध्वंसन, जै जै राधे गोविंद।
प्रभु जनहित धारक, जै जै राधे गोविंद।
प्रभु योगक्षेमक, जै जै राधे गोविंद।
प्रभु विरह विखण्डन, जै जै राधे गोविंद।
प्रभु अन्तर्मण्डन, जै जै राधे गोविंद।
प्रभु विपद विभञ्जन, जै जै राधे गोविंद।
प्रभु आनंद मज्जन, जै जै राधे गोविंद।

स्थाई

ग -	**ग प म प**	**ग - सा रे**	**<u>नी़</u> - सा -**	**सा -**
जै जै	रा ऽ धे गो	विं द जै जै	रा ऽ धे गो	विं द

अन्तरा

म ग	**म प - -**	**प ध <u>नी</u> ध**	**ग प म -**	**ग रे**
प्र भु	दी न दुः ख	हा री जै जै	रा ऽ धे गो	विं द

जै जै राधे राधे कृष्ण गोपाल हरी, गोपाल हरी गोविन्द हरी।

गन्धार्चित मंगल हेमकाय, हरिचंदनाढ्य नव जलद काय।

सौन्दर्य सुधानिधि प्रेम रूप, श्रृंगार सुधानिधि छवि अनूप।

पंकेरूहनयना कृष्ण प्रिया, खंजन चञ्चल दृग कृष्ण पिया।

स्थाई

सा -	सा ग॒ रे ग॒	रे॒ - सा रे॒	सा - ध़॒ नी़॒	सा -
जै जै	रा धे रा धे	कृ ऽ ष्ण गो	पा ऽ ल ह	री ऽ

अंतरा

प -	प - - -	प ध॒ प म	म ग॒ प म	म -
गो ऽ	पा ऽ ल ह	री ऽ गो ऽ	विं ऽ द ह	री ऽ

अन्तरा

सा ग	ध॒ - म -	ग॒ - प म	ग॒ म ग॒ रे॒	सा -
गं ऽ	धा ऽ र्चि त	मं ऽ ग ल	हे ऽ म का	ऽ य

''हरिचंदन''– इसी पर। पुनः स्थाई इसी क्रम से अन्य अन्तरा।

✿✿✿

जै जै राधारमण कन्हैया

जै जै राधारमण कन्हैया जै जै गोवर्द्धन उठवैया।

इन्द्र ने कोप कियो ब्रज ऊपर

धारा बरस्यो जैसे मूसर

जै जै ब्रज की लाज बचैया जै जै गोवर्द्धन उठवैया॥

ग्वाल बाल संग खेल मचायो
लूट लूट दधि माखन खायो
जै जै माखन के चुरवैया जै जै गोवर्द्धन उठवैया॥
वृन्दावन में रास रचायो
ब्रज गोपिन में नाच नचायो
जै जै ताता थेई करैया जै जै गोवर्द्धन उठवैया॥
कालीदह में गेंद फेंक के
कूद पर्‌यो ऊँचे ते दह में
जै जै काली के नथवैया जै जै गोवर्द्धन उठवैया॥
भानु लाड़िली प्रानन प्यारी
श्रीराधा कीरति सुकुमारी
जै जै राधा हृदय बसैया जै जै गोवर्द्धन उठवैया॥

स्थाई

सा - - -	**प - - -**	**प ध प म**	**ग प म -**
जै ऽ जै ऽ	रा ऽ धा ऽ	र म ण क	न्है ऽ या ऽ
ग रे सा नी़	**सा - रे म**	**ग - रे -**	**सा - - -**
जै ऽ जै ऽ	गो ऽ व ऽ	र्ध न उ ठ	वै ऽ या ऽ

अन्तरा

म - ग -	**प - - -**	**प ध सां नी**	**ध - प -**
इ ऽ न्द्र ने	को ऽ प कि	यो ऽ ब्र ज	ऊ ऽ प र

इसी प्रकार ''धारा बरस्यो''

सां - - -	**सां - - -**	**प - म प**	**ग प म -**
ज य ज य	ब्र ज की ऽ	ला ऽ ज ब	चै ऽ या ऽ
ग रे सा नी़	**सा - रे म**	**ग - रे -**	**सा - - -**
ज य ज य	गो ऽ व र	ध न उ ठ	वै ऽ या ऽ

इसी क्रम से अन्य अन्तरा।

जय जय राधा प्यारी रूप उजारी
रंगरंगीली भोरी भारी जै कीरति सुकुमारी

गौरांगी जय हेमांगी जय,
जय करुणामयी कमल-लोचनी, जै कीरति सुकुमारी।
पद्माक्षी जय मीनाक्षी जय,
जय करुणामयी कमल लोचनी जय कीरति सुकुमारी।
शोभाश्री जै मंजुश्री जै,
जय करुणामयी कमल-लोचनी जय कीरति सुकुमारी॥

स्थाई

प़ ग रे नी़	**सा ग - -**	**रे - स नी़**	**सा रे - -**
जै जै रा धा	प्या री ऽ ऽ	रू ऽ प उ	जा री ऽ ऽ
सा प़ ध़ प़	**सा प़ ध़ प़**	**प - ग रे**	**रे सा सा -**
रं गरं गी ली	भो री भा री	जै की रति सुकु	मा ऽ री ऽ

अंतरा

प - ध प	**ग सा रे ग**	**प - ध प**	**ग सा रे ग**
गौ ऽ रां ऽ	गी ऽ ज य	हे ऽ मां ऽ	गी ऽ ज य
रे - - -	**रे - - ग**	**म ग रे ऽ**	**सा - - -**
जै करु णा मयि	कम ललो ऽच नी	जै की रति सुकु	मा ऽ री ऽ

इसी क्रम से अन्य अन्तरा

✿✿✿

जय जय राधारानी

जय जय राधारानी मेरी महारानी जै जै बरसानों रजधानी॥

चरण–कमल की सेवा दीजै

कैसेहु मोहि अपनी कर लीजै

रस की खानी, गुण की खानी जै जै बरसानो रजधानी॥

श्रीराधा वृन्दावन रानी

श्रीराधा हरि प्राण समानी

प्रेम दिवानी, प्रेम लुभानी, जै जै बरसानो रजधानी॥

कृपा करहु वृषभानु दुलारी

अलबेली स्वामिनी मतवारी

रूप गुमानी, मधुरी वानी, जै जै बरसानों रजधानी॥

स्थाई

नी़ सा नी़ सा	**म ग रे -**	**नी़ सा नी़ सा**	**म ग रे -**
जै जै रा धा	रा ऽ नी ऽ	मे री म हा	रा ऽ नी ऽ
प - म -	**ग - सा रे**	**ग - रे -**	**सा - - -**
जै ऽ जै ऽ	ब र सा ऽ	नों ऽ र ज	धा ऽ नी ऽ

अन्तरा

प - ग स	**प - नी ध**	**प - म ग**	**रे म ग -**
च र ण क	म ल की ऽ	से ऽ वा ऽ	दी ऽ जै ऽ

इसी पर ''कैसेहु मोहे''– पुन: ''रस की खानी''

स्थाईवत्। इसी क्रम से अन्य अन्तरा।

जय जय राधा नाम रस कौ कंदा इष्ट जान जपे ब्रज कौ चन्दा

जय जय राधे जै जै राधे, जै जै श्रीराधे
जै जै श्रीराधा नाम, जय जय श्रीराधा नाम॥
कुंजन बैठ कृष्ण भगवंता, ध्यावत राधा पदारविन्दा।
युग अक्षर राधा जप तत्पर, योगेश्वर सो बन प्रेमेश्वर।
झरत अश्रु नयननहि अमंदा, इष्ट जाप जपे ब्रज कौ चन्दा॥
राधा नाम जपत शिवशंकर, महारास पावत गंगाधर।
राधा नाम जपत कमलासन, पावत श्रीपद ब्रज पर्वत बन।
नाम न जान मुक्त सुरवृन्दा, इष्ट जान जपे ब्रज कौ चन्दा॥

स्थाई

म - - -	**म** - - -	**ग** - **म ग**	**रे** **सा नी** -
जै ऽ जै ऽ	रा धा ना म	र स को ऽ	कं ऽ दा ऽ
नी - - -	**सा** - - **रे**	**म ग रे** -	**सा** - - -
इ ऽ ष्ट जा	ऽ न ज पे	ब्र ज कौ ऽ	चं ऽ दा ऽ

अन्तरा

नी - **सा** -	**रे** - **सा** -	**म** - **ग** -	**रे** - **सा** -
जै जै रा धे	जै जै रा धे	जै ऽ जै श्री	रा ऽ धे ऽ
कुं ऽ ज न	बै ऽ ठ कृ	ऽ ष्ण भ ग	व ऽ न्ता ऽ

इसी पर "ध्यावत राधा....."

म - - -	**म** - **प** -	**ध** - **प** -	**म** - - -
ज य ज य	रा धा ना म	ज य ज य	रा धा ना म
यु ग अ ऽ	क्ष र रा ऽ	धा ऽ ज प	त ऽ त्प र

इसी पर "योगेश्वर सो बन....।" पुनः "झरन अश्रु" स्थाईवत्।

इसी क्रम से दूसरा अंतरा

जय जय नव यौवनी श्रीराधा

जय जय नव यौवनी श्रीराधा, जै जै मृगनैनी श्रीराधा॥
जै जै मृदुभाषिणी श्रीराधा, जै जै मधुलापिनी श्रीराधा॥
जै जै मधुगामिनी श्रीराधा, जै जै द्युतिदामिनी श्रीराधा॥
जै जै मृदुहसिता श्रीराधा, जै जै शुचि स्मिता श्रीराधा॥
जै जै शशि वदनी श्रीराधा, जै जै दाडिम रदनी श्रीराधा॥
जै जै कृशमध्या श्रीराधा, जै जै पृथुस्तनी श्रीराधा॥
जै जै हरि–स्तुता श्रीराधा, जै जै प्रिया प्रीता श्रीराधा॥
जै जै परम कृशोदरि श्रीराधा, जै जै रस निर्झर झरि श्रीराधा॥

स्थाई

सा रे - -	**रे ग रे ग**	**म - प ग**	**म ग रे -**
ज य ज य	न व यौ ऽ	व नी ऽ श्री	रा ऽ धा ऽ
सा रे - -	**सा नी़ ध़ नी़**	**रे - - -**	**सा - - -**
ज य ज य	मृ ग न य	नी ऽ श्री ऽ	रा ऽ धा ऽ

अन्तरा

सा ग - -	**ग म ग म**	**म प - -**	**प - - म**
ज य ज य	मृ दु भा ऽ	षि णी ऽ श्री	रा ऽ धा ऽ
प नी - -	**ध - प -**	**म - प म**	**ग - रे सा**
ज य ज य	म धु ला ऽ	पि नी ऽ श्री	रा ऽ धा ऽ

पुनः स्थाई। इसी क्रम से शेष अंतरा।

जय जय नव कुञ्जन की रानी राधा कंचन गोरी।

कृष्ण–कामिनी कृष्ण–भामिनी, कृष्ण–स्वामिनी भोरी॥
श्याम नीलमणि प्रिया सुनहली, छैल छबीली जोरी॥
क्रीडति श्री गहवर वन कुञ्जन, मंजु सांकरी खोरी॥
अधर शोण दृक्कोण मोड़ सो, करति श्याम चित चोरी॥
अति उदार सर्वस्व दान सों, भरति कृष्ण हिय झोरी॥
ब्रजनभ मण्डल स्वेच्छाचारी, हरि पतंग की डोरी॥

स्थाई

ग - - -	**रे - सा रे**	**नी̣ - ध़ प़**	**ध़ सा - -**
ज य ज य	न व कुं ऽ	ज न की ऽ	रा ऽ नी ऽ
ग - - -	**ग - प -**	**म - - प**	**ग - रे सा**
रा ऽ धा ऽ	कं ऽ च न	गो ऽ ऽ ऽ	री ऽ ऽ ऽ

अंतरा

ग - प -	**प - - -**	**ग प ध नी**	**ध - प -**
कृ ऽ ष्ण का	ऽ मि नी ऽ	कृ ऽ ष्ण भा	ऽ मि नी ऽ
म - ध -	**प - म प**	**ग सा रे म**	**ग - - -**
कृ ऽ ष्ण स्वा	ऽ मि नी ऽ	भो ऽ ऽ ऽ	री ऽ ऽ ऽ

अन्य अन्तरा इसी प्रकार॥

जय जय कृष्ण-प्रिया राधा।

जय जय श्याम-प्रिया राधा।
जय जय हरि-प्रिया राधा।
जय जय नवल-प्रिया राधा।
जय जय प्रेम-प्रिया राधा।
जय जय केलि-प्रिया राधा।
जय जय भाव-प्रिया राधा।
जय जय रास-प्रिया राधा।
जय जय प्रिया-प्रिया राधा।
जय जय भक्त-प्रिया राधा।
जय जय दीन-प्रिया राधा।
जय जय दास-प्रिया राधा।
जय जय लालमयी राधा।
जय जय कृष्णमयी राधा।
जय जय श्याममयी राधा।
जय जय कृपामयी राधा।
जय जय दयामयी राधा।

स्थाई

रे - - ग	**सा - रे म**	**ग - रे -**	**सा - - -**
ज य ज य	कृ ऽ ष्ण प्रि	या ऽ रा ऽ	धा ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

ध - - -	**ध - प ध**	**म ध प म**	**ग - रे सा**
ज य ज य	श्या ऽ म प्रि	या ऽ रा ऽ	धा ऽ ऽ ऽ

पुनः स्थाई। इसी प्रकार अन्य अन्तरा।

ठाकुर श्रीघनश्याम राधिका-सी ठकुरानी।
राजा श्याम राधिका उनकी है महारानी॥

राधा राधा राधा राधा राधा राधा।
हरि की मन्मथ बाधा हरनी सब सुख साधा॥
ऐसो जो मोहांध जीव तू, जाग जाग अब।
जाय रही यह सांस न जानै जागेगो कब॥
पियै न युग-पद रति रस, पीवै विष को सागर।
डूबै मरै जहर में, उतरावै भोगी नर॥
छांड़ सुधा विष्ठा भोगन कौ पर्वत खावै।
विषयन कौ विष खावै दुःख भौगै मर जावै॥
बस बरसाने कुंज–महल में प्राणी।
द्वार पर्‍यो रह कृपा करै सुखखानी॥

स्थाई

सा - - रे	**ग म - -**	**- - - -**	**- ग म प**
ठा ऽ कु र	श्री ऽ घ न	श्या ऽ म रा	ऽ धि का ऽ
ग म - ग	**- - - -**		
सी ऽ ठ कु	रा ऽ नी ऽ		
सा - - रे	**म ग रे -**	**म ग रे -**	**म ग रे ग**
रा ऽ जा ऽ	श्या ऽ म रा	ऽ धि का ऽ	उ न की ऽ
रे - सा -	**- - - -**		
है ऽ म हा	रा ऽ ऽ नी		

अंतरा

ध - - -	**- - - -**	**प ध प म**	**- - - प**
रा ऽ धा ऽ	रा ऽ धा ऽ	रा ऽ धा ऽ	रा ऽ धा ऽ
ग म ग -	**- - - -**		
रा ऽ धा ऽ	रा ऽ धा ऽ		

सा - - <u>रे</u>	**म <u>ग</u> <u>रे</u> -**	**म <u>ग</u> <u>रे</u> -**	**म <u>ग</u> <u>रे</u> <u>ग</u>**
ह रि की ऽ	म ऽ न्म थ	बा ऽ धा ऽ	ह र नी ऽ
<u>रे</u> - सा -	**- - - -**		
स ब सु ख	सा ऽ धा ऽ		

✿✿✿

ठाकुर की ठकुरानी राधा,
कुंज विहारी की सुख साधा॥

बाला के जीवन गोपाला, रट राधा चातक नंदलाला॥
सागर द्वय उमगे ब्रजमंडल, श्रीवृंदावन संगम कौशल॥
जल बिनु सिंधु बने ज्योतिर्मय, नील रश्मिमय पीत रश्मिमय॥
पै अंनत रस छलकत युग तन, जाको जस प्रगटत ब्रह्मंडन॥
रूप कृष्ण श्रृंगार राधिका, वश्य कृष्ण स्वामिनी राधिका॥ जैजै०

स्थाई

प - - -	**प - ध प**	**म - ग सा**	**ग म प -**
भा ऽ नु दु	ला ऽ री ऽ	श र ण ति	हा ऽ री ऽ
ग रे नी़ -	**सा रे ग म**	**रे ग सा रे**	**सा - - -**
दी न बं धु	दी ना ना थ	कृ ऽ ष्ण ह	रे ऽ ऽ ऽ

इसी प्रकार ''जै जै राधा प्यारी''

अन्तरा

प ध सां नी	**सां - - -**	**प ध नी ध**	**प - - -**
चं ऽ द्र कृ	ऽ ष्ण चं ऽ	द्रि का ऽ रा	ऽ धि का ऽ

इसी पर शेष अन्तरा।

प ध नी ध	**नी - - ध**	**प ध नी ध**	**प - - -**
कृ ऽ ष्ण ह	रे ऽ ऽ ऽ	कृ ऽ ष्ण ह	रे ऽ ऽ ऽ

भानु दुलारी सुंदरी जै, कीरति लाड़िली राधा॥

रागिनी, अनुरागिनी जै, वेणु गीत की रागिनी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
रंगिनी, रस रंगिनी जै, पिय रस प्रीति तरंगिनी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
रंजिनी, हरि रंजिनी जै, कृष्ण-चित्त अनुरंजिनी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
गामिनी, गजगामिनी जै, राज-हंस गति गामिनी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
रामिनी अभिरामिनी जै, रस-प्रवाह अविरामिनी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
कामिनी हरिकामिनी जै, लज्जित शत-रति-कामिनी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
हासिनी मृदु हासिनी जै, कोटि सुधाकर हासिनी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
दामिनी, द्युतिदामिनी जय, लज्जित कोटिक दामिनी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
भामिनी, हरि भामिनी जय, भोरी भारी भामिनी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
भावनी, अनुभावनी जय, प्रियतम वृत्ति लुभावनी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
स्वामिनी, हरिस्वामिनी जय, ब्रज वनिता कुल स्वामिनी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
राविणी, मधुराविणी जय, किंकिनि नूपुर राविणी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
भाषिणी मृदुभाषिणी जय, पिय संग सस्मित भाषिणी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
वासिनी, शुचिवासिनी जय, उर घट मद नीर्वासिनी जय॥ कीरति लाड़िली राधा
लासिनी, प्रोल्लासिनी जय, गहवर विपिन विलासिनी जय॥ कीरति लाड़िली राधा

स्थाई

सा - रे ग	**रे ग म प**	**प नी ध प**	**म ग रे ग**
भा ऽ नु दु	ला ऽ री ऽ	सुं ऽ ऽ द	री ऽ जै ऽ
सा - रे ग	**रे म - ग**	**रे ग सा नी़**	**सा - - -**
की ऽ र ति	ला ऽ ऽ ड़ि	ली ऽ रा ऽ	धा ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

नी - - -	**नी - सां -**	**प सां - नी**	**ध - प -**
रा ऽ ऽ गि	नी ऽ अ नु	रा ऽ ऽ गि	नी ऽ ज य
प नी ध नी	**ध - प -**	**प ध प म**	**म ग रे ग**
वे ऽ णु गी	ऽ त की ऽ	रा ऽ ऽ गि	नी ऽ ज य
सा - रे ग	**रे म म ग**	**रे ग सा नी़**	**सा - - -**
की ऽ र ति	ला ऽ ऽ ड़ि	ली ऽ रा ऽ	धा ऽ ऽ ऽ

भानुलली लाड़िली भानुलली

भानुलली लाड़िली भानुलली।
छैल-छबीली गुन गर्वीली, सोने की कली॥ लाड़िली भानु लली
श्रीराधा वृषभानु-लली तुम, बड़ी गरीब-निवाज।
बरसाने में राखियों मोहि, बाँह गहे की लाज॥ लाड़िली०
श्रीराधा वृषभानु-लली तुम, करुणामयी उदार।
डूब रही ये टूटी-नैया, करियो याको पार॥ लाड़िली०
श्रीराधा वृषभानु-लली तुम, सब पै हो रिझवार।
भर दीजो यह झोरी मेरी, दै के अपनों प्यार॥ लाड़िली०
श्रीराधा वृषभानु-लली तुम, भोरी हो सरकार।
मोकूं तो बस भोरेपन को, ही है एक आधार॥ लाड़िली०
श्रीराधा वृषभानु-लली को, सांचो है दरबार।
मेरे औगुन पै रीझैगी, प्यारी जू रिझवार॥ लाड़िली०
श्रीराधा वृषभानु-लली तुम, दयामयी ब्रजबाल।
दया अवश्य करेंगी चाहे, तू है बड़ी कुचाल॥ लाड़िली०
श्रीराधा वृषभानु-लली तुम, कृपामयी सिरमौर।
मांगे कृपा कृपा हूं इनकी, एक इनहि की दौर॥ लाड़िली०
श्रीराधा वृषभानु-लली तुम, अशरण शरण कृपालु।
मेरी कोई नहीं है मोपै, भोरी होहु दयालु॥ लाड़िली०
श्रीराधा वृषभानु-लली, तुम दाता बड़ी सुजान।
मेरी ओर तनक ही देखो, मैं मतिहीन अजान॥ लाड़िली०
श्रीराधा वृषभानु-लली तुम, दीनन की रखवार।
नहीं खिवैया टूटी नैया-टूटी है पतवार॥ लाड़िली०

स्थाई

नी़ प़ नी़ -	**सा सासा सासा सारे**	**नी़ प़ नी़ -**	**सा - - -**
भा ऽ नु ल	ली ऽला ऽड़ि लीऽ	भा ऽ नु ल	ली ऽ ऽ ऽ
ग गग - गरे	**मम मम - गरे**	**सा ग रे -**	**सा - - -**
छै लछ बी लीऽ	गुन गर वी लीऽ	सो ने की क	ली ऽ ऽ ऽ

अन्तरा में केवल तीसरा चरण दो बार कहा जायेगा।

बाकी स्वर स्थाई के हैं।

अंतरा

नी़ प़ नी़ नी़नी़	**सा सासा सा सारे**	**नी़नी़ प़प़ नी़ नी़नी़**	**सा - - -**
श्री रा धा वृष	भा नुल ली तुम	बड़ी ऽग री बनि	वा ऽ ऽ ज
गग ग - गरे	**म मग रे सासा**	**स सग रे -**	**सा - - -**
बर सा ने मेंऽ	रा ऽखि यो मोहि	बां हग हे की	ला ऽ ऽ ज

इसी प्रकार अन्य अन्तरा

✿ ✿ ✿

मन भज कृष्ण कन्हैया, तेरी नैया पार लगेगी॥

तू भज ले, तू भज ले, तू भज ले, तू भज ले।
भज कृष्ण, भज कृष्ण, भज कृष्ण, भज कृष्ण।
भज राधे, भज राधे, भज राधे, भज राधे।
हरि संग खेल रहे सब ग्वाला, सर्प अघासुर आयो काला।
मुख में गये खेलते बाला, मार्‌यो वह मुख घुस नंदलाला॥
शरणागतहि बचैया, तेरी बाधा, दूर हटेगी॥ मन भज०.....
ग्वाला गैया एक दिना सब, पियो विषैलो जमुना-जल जब।
प्राणहीन ह्वै गिरे सबै तब, हरि के देखत जी बैठे सब॥
ऐसे भक्त रखैया, जन पै रक्षा शक्ति ढरेगी॥ मन भज०.....
व्योमासुर जब ब्रज में आयो, खेलत सखन दूर लै धायो।
गुफा खोल गोपनहि छुड़ायो, गला घोंट के असुर गिरायो॥
योग और क्षेम धरैया, जन कूं, भक्ति अनन्य मिलेगी॥ ॥ मन भज०.....

स्थाई

ध़ सा - -	**सा - ग - **	**ग म ध प**	**म ग रे सा**
म न भ ज	कृ ऽ ष्ण क	न्है ऽ या ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
स रे - म	**ग रे ग रे**	**स - - ग**	**स - ऩी ध़**
ते ऽ री ऽ	नै ऽ या ऽ	पा ऽ र ल	गे ऽ गी ऽ

अन्तरा

सा - ग -	**म - - -**	**प म ग -**	**म - प -**
ह रि सं ग	खे ऽ ल र	हे ऽ स ब	ग्वा ऽ ला ऽ
प ध म -	**प म ग -**	**रे - - म**	**ग रे सा -**
स ऽ र्प अ	घा ऽ सु र	आ ऽ यो ऽ	का ऽ ला ऽ

इसी पर ''मुख में गये....नंदलाला''

पुन: स्थाईवत् ''शरणागतहि बचैया.......''॥

मन यादकरो श्रीराधा के श्रीचरण।

जिन पद नखमणि की उज्ज्वल-द्युति, पारब्रह्म प्रकाशकरण ॥
जिनपद नूपुर धुन सों व्यापक, शब्द ब्रह्म सब श्रुतिन धरण।
जिन चरणन सो रास करत नित, रस-सागर कोटिकन झरण ॥
जिन चरणन सो कुंजन डोलति, ब्रजवीथिन महाछवि भरण।
जिन चरणन सो चढ़ति सेज पै, चापत चरण गिरिवर-धरण ॥
जिन चरणन कौ मधुर स्मरण कर, अनायास भव-सिंधु तरण।
चरणार्चन नासै त्रैकालिक, पाप ताप आपदा टरण ॥
अरुण गौर सित कान्ति सुभूषित मनमोहन मानस सुहरण।
पद-बंदन काटै सब बंधन कर्म राशि जीवनहि मरण।
उज्जवल रस-श्रृंगार पान हित, रसिक करैं पद इष्ट वरण।
जिन चरणन शरणागत हरिहू, तिन चरणन की शरण शरण ॥

स्थाई

म ध	सां - रें नी	सां - - -	ध - - -	- -
म न	या ऽ द क	रो ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ
ध -	नी - ध म	रे - ग म	रे ग रे -	सा -
ऽ ऽ	श्री ऽ रा ऽ	धा ऽ के ऽ	श्री ऽ ऽ च	र ण

अन्तरा

ग - नी़ -	सा - - -	ग - नी़ -	सा - - -
जि न प द	न ख म णि	की ऽ उ ऽ	ज्ज्व ल द्यु ति
म - - प	प - ध नी	ध नी ध प	म - म ध
पा ऽ र ऽ	ब्र ऽ ह्म प्र	का ऽ श क	र ण म न

इसी पर अन्य अन्तरा।

मन राधे कृष्ण राधे कृष्ण राधे कृष्ण बोल॥

वृंदावन में खेलन आवै, लता पता फूलन बरसावै।
मधु-धारा की नदी बहावै, फूल सेज पै लै विहरावै।
मन फूल बिछी गलियन में डोल, मन राधे........॥
यमुना दर्शन कर लहराई, बन की छटा बड़ी सुखदाई।
हंस-मण्डली ह्वां घिर आई, कमलन की माला लै आई।
देख युगल छवि करत किलोल, मन राधे........॥

स्थाई

प -	**प ध प म**	**ग - सा रे**	**ग - रे -**	**सा -**
म न	रा धे कृ ष्ण	रा धे कृ ष्ण	रा धे कृ ष्ण	बो ल

म - ग म	**प - ध नी**	**ध प नी ध**	**प - - -**
रा धे कृ ष्ण	बो ल रे ऽ	रा धे कृ ष्ण	बो ऽ ऽ ल

अन्तरा

सा रे <u>ग</u> सा	**रे <u>ग</u> प -**	**म - <u>ग</u> रे**	**म <u>ग</u> रे सा**
वृं ऽ दा ऽ	व न में ऽ	खे ऽ ल न	आ ऽ वै ऽ

इसी पर ३ पंक्तियां पुनः स्थाईवत् ''मन फूल बिछि''

इसी क्रम से अन्य अन्तरा।

✿✿✿

महारानी लाड़िली महारानी लाड़िली।

भज राधा लाड़िली भज श्यामा लाड़िली॥
नित्य किशोरी भोरी भारी, अनुरागिणी श्यामा सुकुमारी॥ भज०
बेला फूल कृष्ण केशन में, तारागन से उदित विभावरी॥ भज०
मुख मयंक की शुभ्र ज्योत्सना, अधर रक्त सीपिन छवि पावत॥ भज०
चाव भरे पिय लै वीरी कर, देत प्रिया मुख लाड़लड़ावत॥ भज०
बिम्बाफल के अधर कटोरन, लाल अनार भरे दरसावत॥ भज०

स्थाई

म ध	सां - - -	सां रें - नी	सां - - -	सां -
म ह	रा ऽ नी ऽ	ऽ ला ऽ ड़ि	ली ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ
नी -	रे - - -	ग रे - -	सा - - -	सा -
म हा	रा ऽ नी ऽ	ऽ ला ऽ ड़ि	ली ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ

अन्तरा

सा रे सा -	ध प म -	सा रे सा -	ध प म -
नि ऽ त्य कि	शो ऽ री ऽ	भो ऽ री ऽ	भा ऽ री ऽ
म प ध नी	नी - - -	ध सां नी ध	प - म -
अ नु रा ऽ	गि णी श्या ऽ	मा ऽ सु कु	मा ऽ री ऽ
सां - - -	सां - नी ध	नी सां - -	सां - - -
बे ऽ ला ऽ	फू ऽ ल कृ	ऽ ष्ण के ऽ	श न में ऽ
नी सां नी ध	नी - ध -	प ध प -	म - - -
ता ऽ रा ऽ	ग ण से ऽ	उ दि त वि	भा ऽ व री

इसी प्रकार अन्य अन्तरा।

✿✿✿

माथे सोहै मोर पंख अरु कुण्डल कान विशाल है।

ऐसो मेरो नंद लाड़िलो गल वैजन्ती माल है॥
माथे पै है बंधी चन्द्रिका, झुमके कान विशाल है॥
ऐसी मेरी भानु-लाड़िली, गले मोतिन की माल है॥
उर पीताम्बर उड़ उड़ फहरै, मुरली शब्द रसाल है॥
ऐसो मेरो कुंवर लाड़िलो, कमर काछनी लाल है॥
सुरंग चुनरिया उड़ उड़ फहरै, नूपुर शब्द रसाल है॥
ऐसी मेरी भानु लाड़िली, कटि किंकिणी को जाल है॥

स्थाई

प गं - -	**रें गं - -**	**रें गं रें नी**	**सां रें - -**
मा थे सो है	मो रपं ऽख अरु	कुं डल का नवि	शा ऽल है ऽ
प ध म ग	**म प - -**	**प गं रें गं**	**सां - - -**
ऐ सो मे रो	नं दला ऽड़ि लो	ग ल वै जन्ती	माऽ ल है ऽ

इसी प्रकार अन्य पंक्तियां।

✿✿✿

माधव! निज पद करहु किंकरी, कर करुणा करुणेश! रस भरी॥

फूलन लै बेनी गुथवाऊँ, झुकी गुलाबी पाग कसाऊँ।
मुकुट चन्द्रिका बांधू ऊपर, माथे तिलक लगाऊँ सुन्दर॥
गोल कपोल करूं पत्रावलि, बीरी दऊँ सुभग दशनावलि।
काजर दऊं सलोने नैंनन, कुंडल पहिराऊं युग श्रवनन॥
मोहन! निज पद करहु किंकरी, कर करुणा करुणेश! रस भरी॥
मुंदरी कंकण किंकणी नूपुर, बाजूबन्द पहिराऊँ सुन्दर।
सब तन चंदन लेप कराऊं, उर सिर राधा नाम लिखाऊं॥
लै सुवास अंगनहि लगाऊं, प्रिया मिलन के साज सजाऊं।
प्यारी कौ यश स्वर सों गाऊं, रूप शील गुन कथा सुनाऊं॥
प्रणयी! निज पद करहु किंकरी, कर करुणा करुणेश! रस भरी॥
तट भानुजा भानुजा के हित, लै जाऊं तुमको आकुल चित।

पधराऊं प्यारी ढिंग सविनय, शैय्या सुमन पंखुड़िन किसलय॥
देखें जब श्रृंगार किशोरी, रीझ हंसे कर चित की चोरी।
धन्य धन्य मैं भाग मनाऊं, युगल केलि पर वारी जाऊं॥
लालन! निज पद करहुँ किंकरी, कर करुणा करुणेश! रस भरी॥

स्थाई

सा - रे सा	**ग - रेसा नी**	**नी - सा रे**	**सा - - -**
मा ऽ ध व	नि ज पुऽ द	क र हु किं	ऽ क री ऽ
सां - रें सां	**नी - ध प**	**म ग म प**	**म - ग रे सा**
क र क रु	णा ऽ क रु	णे ऽ श र	स भ रीऽ ऽ

अन्तरा

ग - म ग	**प - - -**	**प ध प म**	**म - - ग**
फू ऽ ल न	लै ऽ बे ऽ	नी ऽ गु थ	वा ऽ ऊं ऽ
ग - म ग	**ध - - -**	**रे ग रे -**	**सा - - -**
झु की ऽ गु	ला ऽ बी ऽ	पा ऽ ग क	सा ऽ ऊं ऽ

इसी पर ''मुकुट चंद्रिका''

प ध नी ध	**सां - - -**	**नी सां नी ध**	**प म - -**
गो ऽ ल क	पो ऽ ल क	रूं ऽ प ऽ	त्रा ऽ व लि
प नी ध प	**ग म ग -**	**रे म ग रे**	**सा - - -**
बी ऽ री ऽ	द ऊं ऽ सु	भ ग द श	ना ऽ व लि

इसी पर ''काजर दऊँ सलोने.....श्रवनन''

पुनः स्थाईवत् ''मोहन निज पद''

इसी क्रम से अन्य अन्तरा॥

✿✿✿

माधवी माधवा जयति जयति,
शरणागत के दुख दूर करे जै राधा कृष्ण हरे।

जब घिरा घोर अंधियारा हो, दीखै ना कोइ किनारा हो।
माधवी माधवा जयति जयति,
भव सागर से प्रभु पार करे जै राधा कृष्ण हरे॥
विकराल काल टकराया हो, भक्तों का मन घबराया हो।
माधवी माधवा जयति जयति,
सब संकट से प्रभु दूर करे जै राधा कृष्ण हरे॥

स्थाई (क)

सा रे	**नी़ सा - -**	**सा - - रे**	**नी़ सा - -**	**सा -**
मा ऽ	ध वी ऽ मा	ऽ ध वा ऽ	ज य ति ज	य ति
सा रे	**ग - म ग**	**रे - सा रे**	**नी़ रे सा नी़**	**ध़ -**
श र	णा ऽ ग त	के ऽ दु ख	दू ऽ र क	रे ऽ
ध़ नी़	**सा ग - म**	**रे सा रे नी़**	**सा - - -**	**- -**
ज य	रा ऽ धा ऽ	कृ ऽ ष्ण ह	रे ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ

अन्तरा

ध -	**प ध - प**	**म ग सा रे**	**प - म -**	**म -**
ज ब	घि रा ऽ घो	ऽ र अं धि	या ऽ रा ऽ	हो ऽ

इसी पर ''दीखै ना.....'' पुनः स्थाईवत् इसी क्रम से दूसरा अन्तरा।

स्थाई (ख) दूसरी धुन

म प	**सां - नी ध**	**प ध प ध**	**म - - ग**	**रे ग**
मा ऽ	ध वी ऽ मा	ऽ ध वा ऽ	ज य ति ज	य ति

सा -	**रे - - -**	**म - - -**	**प नी ध नी**	**ध -**
श र	णा ऽ ग त	के ऽ दु ख	दू ऽ र क	रें ऽ
प ध	**म ग रे -**	**म - प म**	**प - - -**	**- -**
ज य	रा ऽ धा ऽ	कृ ऽ ष्ण ह	रे ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ

अंतरा

रें -	**रें - - गं**	**नी - - -**	**सां - - -**	**सां -**
ज ब	घि रा ऽ घो	ऽ र अं धि	या ऽ रा ऽ	हो ऽ

इसी पर "दीखै ना" पुनः स्थाईवत्

इसी क्रम से दूसरा अन्तरा॥

✿✿✿

माधवी राधिका कृष्ण वल्लभे कृष्ण रूपिणी कृष्ण प्रिये।

कृष्ण कृष्णात्म कृष्ण स्वामिनी कृष्ण कान्तिके श्री राधे॥
करुणावर्षिणि गौर विग्रहे निज दासी कब मोहि करहुगी?
वत्सलता वश ललित कलन मंह, शिक्षा स्वयं मोहि कब दोगी?
तान अलाप राग रागिनी अरु, नृत्य रास रस कब सिखवहुगी?
कब शिक्षा श्रृंगार करन की, माला भूषण कुशल करहुगी?
प्रियतम हित सुंदर बहु व्यञ्जन, मोहि सिखाय कबहि बनवहुगी?
बीरी नव कर्पूर सौंज रति, की आज्ञा दै कब मगवहुगी?
प्रात प्रहर उलटे सब अम्बर, कब मोते कह सुधरावहुगी?

स्थाई (क)

ग रे	**सा - रे नी़**	**सा - रे सा**	**नी़ - सा नी़**	**ध़ - नी़ ध़**
मा ऽ	ध वी ऽ रा	ऽ धि का ऽ	कृ ऽ ष्ण व	ऽ ल्ल भे ऽ
	प़ - - -	**ध़ - नी़ -**	**ग रे सा रे**	**सा -**
	कृ ऽ ष्ण रू	ऽ पि णी ऽ	कृ ऽ ष्ण प्रि	ये ऽ

अन्तरा

प ध	नी - - ध	नी - - -	नी - - -	ध प म -
कृ ऽ	ष्णे ऽ कृ ऽ	ष्णा ऽ त्मा ऽ	कृ ऽ ष्ण स्वा	ऽ मि नी ऽ
	म - - -	म - - -	म - प ध	प -
	कृ ऽ ष्ण कां	ऽ ति के ऽ	श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ

शेष अन्तरा विभाग की पहली मात्रा से

दूसरी धुन स्थाई-२

ग -	रे ग रे सा	रे म ग -	रे ग रे सा	रे म ग -
मा ऽ	ध वी ऽ रा	ऽ धि का ऽ	कृ ऽ ष्ण व	ऽ ल्ल भे ऽ
	रे ग रे सा	रे - ग म	ग - रे -	सा ध़
	कृ ऽ ष्ण रू	ऽ पि णी ऽ	कृ ऽ ष्ण प्रि	ये ऽ

अन्तरा

प -	म प म ग	म प - -	म प म ग	ग प - ध
कृ ऽ	ष्णे ऽ कृ ऽ	ष्णा ऽ त्मा ऽ	कृ ऽ ष्ण स्वा	ऽ मि नी ऽ
	ध प म ग	रे - ग म	ग - रे -	सा -
	कृ ऽ ष्ण कां	ऽ ति के ऽ	श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ

शेष अन्तरे विभाग को पहली मात्रा से

✿✿✿

मेरी अलक लड़ैती लाड़िली। मेरो अलक लड़ैतो लाड़लो।

मेरी कुंज विहारिन लाड़िली। मेरो कुंज विहारी लाड़िलो॥
मेरी कुंज विलासिनी लाड़िली। मेरो कुंज विलासी लाड़लो॥
मेरी नैन कमलिनी लाड़िली। मेरा नैन कमल-दल लाड़लो॥
प्यारी रूप गर्विता लाड़िली। प्यारो रूप विमोही लाड़लो॥
प्यारी प्रणय मानिनी लाड़िली। प्यारो मान हरण वर लाड़लो॥
रव कोकिल मधुरा लाड़िली। मधु कंठ मनोहर लाड़लो॥
छवि कोटि दामिनी लाड़िली। छवि कोटि नीर धर लाड़लो॥
प्यारी जगमग जोवनी लाड़िली। मदमातो जोवन लाड़लो॥
प्यारी प्रभा मण्डनी लाड़िली। प्यारी भूषण मण्डल लाड़लो॥
मेरी कृष्ण वल्लभा लाड़िली। मेरो राधा वल्लभ लाड़लो॥

स्थाई

सा नी़	**सा रे - -**	**सा नी़ - ध़**	**ध़ नी़ सा नी़**	**सा -**
मे री	अ ल क ल	ड़ै ऽ ती ऽ	ला ऽ ऽ ड़ि	ली ऽ

अंतरा

ग -	**ग - - -**	**ग - - रे**	**ग म - ग**	**ग रेसा**
मे रो	अ ल क ल	ड़ै ऽ तो ऽ	ला ऽ ऽ ड़ि	लो ऽऽ

दूसरी धुन स्थाई

ध़ नी प़ ध़	**सा - - -**	**सा रे - ग**	**- रे - ग**
मे ऽं री ऽ	अ ल क ल	ड़ै ऽ ती ऽ	ऽ ला ऽ ड़ि
रे स - -	**- - - -**		
ली ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ		

अन्तरा

रे - म -	**प - - -**	**प ध ध नी**	**ध - - नी**
मे ऽ रो ऽ	अ ल क ल	ड़ै ऽ तो ऽ	ऽ ला ऽ ड़ि
ध प - -	**- - - -**		
लो ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ		

मेरे मन मंदिर में एक बार तो आ जाओ गिरिधारी, प्यारे आ जाओ गिरिधारी॥

गिरिधारी बनवारी, मन मोहन कुंज विहारी प्यारे आ जाओ गिरिधारी॥
बहुत बार है टेर लगायी, करुणा नयनन में घिर आयी।
ये रोया एक दुखारी, प्यारे आ जाओ गिरिधारी, प्यारे आ जाओ गिरिधारी॥
मेरे मन...
मग जोहत अंखिया पथरायी, दर दर पै माया टकरायी,
ये देखो दशा हमारी, प्यारे आ जाओ गिरिधारी, प्यारे आ जाओ गिरिधारी॥
मेरे मन...
थोड़ी कृपा इधर बरसाओ, प्रेम बूंद प्यासे को प्यावो,
मैं प्यासा एक भिखारी, प्यारे आ जाओ गिरिधारी
मेरे मन...
भेंट नहीं मैं कुछ भी लाया, खाली हाथ तेरे दर आया,
मैं तेरा प्रेम पुजारी, प्यारे आ जाओ गिरिधारी, प्यारे आ जाओ गिरिधारी॥
मेरे मन...
प्यार करो चाहे ठुकरादो, पास बुलावो दूर भगा दो
मैं सब विधि शरण तिहारी, प्यारे आ जाओ गिरिधारी, प्यारे आ जाओ गिरिधारी॥
मेरे मन...

स्थाई

सा -	**सा ग - -**	**म प - -**	**ध <u>नी</u> ध प**	**म ग सा रे**
मे रे	म न मं ऽ	दि र में ऽ	ए ऽ क बा	ऽ र तो ऽ
	ग प म -	**ग - रे सा**	**रे - सा -**	**सा रे ग -**
	आ ऽ जा ऽ	ओ ऽ गि रि	धा ऽ री ऽ	प्या ऽ रे ऽ
	ग प म -	**ग ऽ रे सा**	**रे ऽ सा -**	**सा -**
	आ ऽ जा ऽ	ओ ऽ गि रि	धा ऽ री ऽ	ऽ ऽ

अन्तरा

प -	**ध सां - -**	**सां - रें ग**	**रें - सां -**	**सां - प सां**
गि रि	धा ऽ री ऽ	ऽ ऽ ब न	वा ऽ री ऽ	ऽ ऽ म न
सां रें नी -	**ध - प म**	**प नी ध प**	**म ग सा रे**	
मो ऽ ह न	कुं ऽ ज वि	हा ऽ री ऽ	प्या ऽ रे ऽ	
ग प म -	**ग - रे सा**	**रे - सा -**	**सा -**	
आ ऽ जा ऽ	वो ऽ गि रि	धा ऽ री ऽ	ऽ ऽ	
ध - - -	**ध - - नी**	**ध प सां नी**	**ध - प -**	
ब हु त बा	ऽ र है ऽ	टे ऽ र ल	गा ऽ ई ऽ	

इसी पर ''करुणा नैनन.....''। पुनः ''ये रोया एक.....''

गिरिधारी बनवारी की तरह

❀❀❀

मेरो तो सहारो राधारानी के चरणारविंद।

राधे के चरणारविंद श्यामा के पदारविंद॥
सतयुग त्रेता द्वापर कलियुग, मन्वन्तर इकहत्तर चतुर्युग।
चौदह मनु मिलि ब्रह्मा को दिन, सहस चौकड़ी कल्प कहत गिन।
विधि हू बंध्यो काल बंद फंद॥ मेरो तो सहारो राधारानी के.....
सहस छत्तीस कल्प आयु विधि, अमित प्रभाव काल को वारिधि।
कालातीत भूमि ब्रज रसनिधि, राधा कृपा मिलै बन सन्निधि।
तहां न यम भय दुःख और द्वन्द्व॥ मेरो तो सहारो राधारानी के.....

स्थाई

नी - ध -	**प - म -**	**ग रे म -**	**ग रे ग सा**
मे रो तो स	हा रो रा धा	रा नी के चर	णा र विं द

अन्तरा

ग प ध प	सां - - -	नी सां नी -	ध - प -
रा धे के चर	णा र विं द	श्या मा के प	दा र विं द

इसी पर ४ पंक्ति अन्तरा की पुनः स्थाईवत् ''विधि हू बंध्यो''॥

इसी क्रम से अन्य अन्तरा।

अथवा

दूसरी धुन स्थाई

सा सा - रे	ग - म प	म ग म -	म - - -
मे ऽ रो तो	ए ऽ क स	हा ऽ रो ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
प ध प म	ग म प म	ग म ग रे	सा - - -
रा धे के चर	णा र विं द	श्यामा के चर	णा र विं द

अन्तरा

प - म ग	प - - -	प ध नी सां	प ध प -
स त यु ग	त्रे ऽ ता ऽ	द्वा ऽ प र	क लि यु ग

इसी पर अन्य ३ पंक्ति

सां - - रें	नी सां - प	म ग म प	म - - -
वि धि हू ऽ	बं ध्यो ऽ का	ऽ ल बं ऽ	ध फं ऽ द

सा	सा - रे ग	रे सा - सा	सा - रे ग	रे सा -
जै	रा ऽ धे ऽ	रा धे ऽ श्री	रा ऽ धे ऽ	रा धे ऽ
ग	ग - रे सा	रे ग - सा	सा - रे ग	रे सा -
जै	रा ऽ धे ऽ	रा धे ऽ श्री	रा ऽ धे ऽ	रा धे ऽ

✿✿✿

युगल नाम श्रुतिसार है

युगल नाम श्रुतिसार है राधाकृष्ण राधाकृष्ण॥
राधा रटैं निकुञ्जविहारी, राधा नामहि बने पुजारी।
राधा ही रस-सार है राधाकृष्ण राधाकृष्ण॥
कृष्ण नाम रटैं राधारानी कृष्ण नाम में अति रति मानी।
कृष्ण नाम उद्धार है राधाकृष्ण राधाकृष्ण॥

स्थाई

प	-	-	-	**प**	**ध**	**प**	**म**	**प**	**नी**	**ध**	**नी**	**प**	**ध**	**प**	**म**
यु	ग	ल	ना	ऽ	म	श्रु	ति	सा	ऽ	ऽ	र	है	ऽ	रा	ऽ
ग	**रे**	**सा**	**नी**	**सा**	**रे**	**ग**	**म**	**रे**	**ग**	**सा**	**रे**	**सा**	-	-	-
धा	ऽ	कृ	ऽ	ष	ण	रा	ऽ	धा	ऽ	कृ	ऽ	ष्ण	ऽ	ऽ	ऽ

अन्तरा

सां	-	-	-	**नी**	**ध**	**प**	**म**	**प**	-	**ध**	**नी**	**ध**	-	**प**	-
रा	ऽ	धा	ऽ	र	टैं	ऽ	नि	कुं	ऽ	ज	वि	हा	ऽ	री	ऽ

इसी पर ''राधा नामहि.....'' स्थाईवत् ''राधा ही रस-सार''
इसी क्रम से अन्य अन्तरा।

✿✿✿

रमणी चूड़ामणि श्रीराधा। रस राजेश भाग्यमणि राधा॥

श्रीवृषभानु वंशमणि राधा। कीर्ति-क्रोड मण्डनमणि राधा॥
यमुना-कूल रासमणि राधा। नित्य-केलि विलासमणि राधा॥
प्रियतम काम शांतिमणि राधा। रसिक चित्त चिन्तामणि राधा॥
प्रेम दिनेश सूर्यमणि राधा। नीरस ध्वान्त दिवामणि राधा॥
पिय शशि चन्द्रकान्तमणि राधा। रस कौमुदी निशामणि राधा॥
हरि मन मुकुल कमलमणि राधा। पिय मन सम्पुट सन्मणि राधा॥
रस-भण्डार कोषमणि राधा। नीलम सहित पीतमणि राधा॥
लालन अधर लालमणि राधा। पिय उर की कौस्तुभमणि राधा॥

नील नैन मरकतमणि राधा। शुक नासा मुक्तामणि राधा॥
प्रियतम हार हीरमणि राधा। अरुण-चरण विद्रुममणि राधा॥
कुंज गली भूषामणि राधा। वृंदावन शोभामणि राधा॥
गहवर वन रहस्यमणि राधा। मणि कुल कान्ति महामणि राधा॥

स्थाई (क)

नी - - -	**नी - ध प**	**म - - -**	**प - - -**
र म णी ऽ	चू ऽ ड़ा ऽ	म णि श्री ऽ	रा ऽ धा ऽ
सां - - -	**सां - प नी**	**सां रें नी सां**	**ध - म -**
र स रा ऽ	जे ऽ श भा	ऽ ग्य म णि	रा ऽ धा ऽ

अन्तरा

रें - सां -	**नी प नी -**	**रें - - -**	**सां - - -**
श्री ऽ वृ ष	भा ऽ नु वं	ऽ श म णि	रा ऽ धा ऽ
मं - - -	**रें - नी -**	**सा रें नी सां**	**ध - म -**
की ऽ र्ति क्रो	ऽ ड मं ऽ	ड न म णि	रा ऽ धा ऽ

स्थाई (ख)

सा ग रे सा	**ध़ प़ ध़ सां**	**प रे ग प**	**ग रे सा ग**
र म णी ऽ	चू ऽ ड़ा ऽ	म णि श्री ऽ	रा ऽ धा ऽ
प - - -	**प ध प -**	**ग रे सा रे**	**प ग - -**
र स रा ऽ	जे ऽ श भा	ऽ ग्य म णि	रा ऽ धा ऽ

अन्तरा

ग - - -	**प - सां ध**	**सां - - -**	**सा रें सां -**
श्री ऽ वृ ष	भा ऽ नु वं	ऽ श म णि	रा ऽ धा ऽ
सां - ध प	**ग रे सा प**	**ग - रे -**	**सा ध़ सा -**
की ऽ र्ति क्रो	ऽ ड मं ऽ	ड न म णि	रा ऽ धा ऽ

राधारानीकी जय महारानीकी जय

राधारानीकी जय महारानीकी जै। बोलो बरसाने वारी की जै जै जै॥
ठकुरानीकी जय हरि प्यारी की जय।
वृषभानु-दुलारीकी जय जय जय॥
गौरांगीकी जय हेमांगी की जय।
ब्रजराज-कुमारीकी जय जय जय॥
ब्रजरानीकी जै ब्रज देवी की जय।
गहवरवनवारीकी जय जय जय॥

स्थाई

सा -	**सा रे - सा**	**रे ग - सा**	**रे ग रे -**	**सा -**
रा धा	रा नी ऽ की	ज य म हा	रा ऽ नी की	ज य
म -	**म - - -**	**ग - सा रे**	**ग - रे -**	**सा -**
बो लो	ब र सा ने	वा ऽ री की	ज य ज य	ज य

अथवा

सा रे	**ग - - -**	**ग म ग म**	**ग रे ग म**	**ग -**
रा धा	रा नी ऽ की	ज य म हा	रा ऽ नी की	ज य
- म	**प - - -**	**म प म ग**	**ग रे ग म**	**ग -**
बो लो	ब र सा ने	वा ऽ री ऽ	ज य ज य	ज य

अथवा

प़ -	**ध़ सा - रे**	**ग - रे सा**	**रे - - सा**	**ध़ सा**
रा धा	रा ऽ नी की	ज य म हा	रा ऽ नी की	ज य
प़ -	**ध़ सा - रे**	**ग - रे सा**	**रे - सा -**	**सा -**
बो लो	ब र सा ने	वा ऽ री की	ज य ज य	ज य

प -	**प - - -**	**मं ध प मं**	**ग सा रे -**	**ग -**
ठ कु	रा ऽ नी की	जै ऽ ह रि	प्या ऽ री की	जै ऽ

"बोलो बरसाने वारी....." ऊपर की तरह।

✿✿✿

राधा माधव शरण अभयकर।
शरण शरण शरणागत वत्सल।

भव भंजन प्रभु दुःख निकन्दन। मन्मथ गंजन ब्रजजन रंजन।
चन्दन-चर्चित नील कलेवर। कानन कुण्डल पीताम्बरधर।
भानुनंदिनी वाम अंशधर। वृन्दावन विहरत राधावर।
ब्रज गोपी जन नयनन अंजन। चञ्चल लोचन लज्जित खंजन।
मुख दृग कर पद प्रफुल्लित कंजन। विहरत गहवर वन की कुंजन।
बर्हापीडं भज नट-वेशं। पीतांबर ब्रजे विहरन्तम्।
राधारमणं राधाकांतं। राधा हृदये सदा बसन्तम्।

स्थाई

सां - - ध	**नी प ध -**	**ग म ध प**	**रे - सा -**
रा ऽ धा ऽ	मा ऽ ध व	श र ण अ	भ य क र

अन्तरा

ग - प ध	**सां - - -**	**ध नी सां रें**	**सां नी धनी प**
श र ण श	र ण श र	णा ऽ ग त	व ऽ त्सऽ ल

स्थाई व अन्तरा इसी क्रम से शेष।

✿✿✿

राधामाधव कुंज-विहारी

राधामाधव कुंज-विहारी, श्रीयमुना वृन्दावनचारी॥
कुंज विहारिणी कुंज विहारी, गहवर वन कुंजन संचारी।
प्रिया रसिकिनी रसिक विहारी, कुंज केलि नवरंग प्रचारी।
ढ़रो श्याम अरु भाम सुंदरी, उठै हृदय में करुणा लहरी॥

स्थाई

म ग रे सा	**रे - सा -**	**ध़ नी़ ग रे**	**सा - - -**
रा ऽ धा ऽ	मा ऽ ध व	कुं ऽ ज वि	हा ऽ री ऽ
ग - - -	**ग - - -**	**ग म ग म**	**रे म ग सा**
श्री ऽ य मु	ना ऽ वृं ऽ	दा ऽ व न	चा ऽ री ऽ

अन्तरा

म - ध नी	**सां - - -**	**नी सां रें सां**	**नी - ध -**
कुं ऽ ज वि	हा ऽ रि णी	कुं ऽ ज वि	हा ऽ री ऽ
ध - - -	**नी - ध प**	**म ग - म**	**रे म ग सा**
ग ह व र	व न कुं ऽ	ज न सं ऽ	चा ऽ री ऽ

✿✿✿

राधामोहन रासविहारी, जै जै गहवर विपिन-विहारी।

श्रीराधे बरसाने वारी, शरण शरण मैं शरण तिहारी।
हे ब्रजवल्लभ कुंज-विहारी, गोपी जीवन गिरिवरधारी।
राधामाधव कुंज-विहारी, जै जै गोविंद कृष्ण-मुरारी।
ब्रज रस वास कृपा कर प्यारी, कुंज कुटी की छांह बसारी।

स्थाई

प़	**ध़**	**नी़**	-	**सा**	-	-	-	**सा**	**रे**	**सा**	**नी़**	**सा**	**रे**	**ग**	-
रा	ऽ	धा	ऽ	मो	ऽ	ह	न	रा	ऽ	स	वि	हा	ऽ	री	ऽ
म	**ग**	**म**	**प**	**म**	**ग**	**रे**	-	**ग**	**म**	**ग**	**रे**	**सा**	**नी़**	**ध़**	**प़**
जै	ऽ	जै	ऽ	ग	ह	व	र	वि	पि	न	वि	हा	ऽ	री	ऽ

अंतरा

प	-	**म**	**ग**	**प**	-	-	-	**प**	**ध**	**सां**	**नी**	**ध**	-	**प**	-
श्री	ऽ	रा	ऽ	धे	ऽ	ब	र	सा	ऽ	ने	ऽ	वा	ऽ	री	ऽ
प	-	**ध**	**प**	**म**	-	**ग**	**रे**	**ग**	**म**	**ग**	**रे**	**सा**	-	-	-
श	र	ण	श	र	ण	मैं	ऽ	श	र	ण	ति	हा	ऽ	री	ऽ

✿✿✿

राधावल्लभ राधावल्लभ राधावल्लभ रक्षमाम्॥

राधामाधव राधामाधव राधामाधव पाहिमाम्॥
राधा मोहन राधा मोहन राधा मोहन त्राहिमाम्॥
रक्षमाम् रक्षमाम् रक्षमाम् रक्षमाम्॥
पाहिमाम् पाहिमाम् पाहिमाम् पाहिमाम्॥
राधावल्लभ रक्षमाम् राधावल्लभ पाहिमाम्॥

स्थाई

सा रे - -	**रे ग रे ग**	**म - प म**	**ग - - -**
रा ऽ धा ऽ	व ऽ ल्ल भ	रा ऽ धा ऽ	व ऽ ल्ल भ
सा रे - -	**सा नी़ ध़ नी़**	**सा रे - -**	**सा - - -**
रा ऽ धा ऽ	व ऽ ल्ल भ	र ऽ ऽ क्ष	मा ऽ ऽ म्

अन्तरा

सा ग - -	**ग म ग म**	**म प - -**	**प - - म**
रा ऽ धा ऽ	मा ऽ ध व	रा ऽ धा ऽ	मा ऽ ध व
प <u>नी</u> - -	**ध प म ग**	**म प - -**	**प - - -**
रा ऽ धा ऽ	मा ऽ ध व	पा ऽ ऽ हि	मा ऽ ऽ म्

✿✿✿

राधावल्लभ कुंजविहारी

राधावल्लभ कुंजविहारी मुरलीधर गोवर्द्धनधारी।
श्रीराधे स्वामिनी सुकुमारी शरणागत हे ब्रजरखवारी।
हे मनमोहन रासविहारी जल्दी सुनियो टेर हमारी।
गाऊँ युगल केलि सुखकारी ललित लाड़िली लालविहारी॥

स्थाई (क)

सां - - -	**सां - - -**	**नी सां नी रें**	**सां नी ध -**
रा ऽ धा ऽ	व ऽ ल्ल भ	कुं ऽ ज वि	हा ऽ री ऽ
प ध प म	**प - ध -**	**प ध रें -**	**सां - - -**
मु र ली ऽ	ध र गो ऽ	व र ध न	धा ऽ री ऽ

अन्तरा (क)

ध - - सां	**प सां ध म**	**प म ध म**	**म रे सा -**
श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ स्वा ऽ	मि नी सु कु	मा ऽ री ऽ
रे - म -	**प - ध प**	**सां - गं रें**	**सां नी ध पध**
श र णा ऽ	ग त हे ऽ	ब्र ज र ख	वा ऽ री ऽऽ

स्थाई (ख)

सा रे सा ग	**ग - - म**	**प - - ध**	**ग प म ग**
रा ऽ धा ऽ	व ऽ ल्ल भ	कुं ऽ ज वि	हा ऽ री ऽ
ग म प -	**ध प सां -**	**नी ध प ध**	**ग प म ग**
मु र ली ऽ	ध र गो ऽ	व र ध न	धा ऽ री ऽ

अन्तरा (ख)

ग म ध -	**ध - - -**	**ध नी ध नी**	**प ध प -**
श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ स्वा ऽ	मि नी सु कु	मा ऽ री ऽ
ग म प -	**ध प सां -**	**नी ध प ध**	**ग प म ग**
श र णा ऽ	ग त हे ऽ	ब्र ज र ख	वा ऽ री ऽ

✿✿✿

राधावल्लभ कृष्ण कृपाल करुणा सागर दीनदयाल॥

अशरण-शरण अनाथन पालक, ब्रजजन प्रेमी आनंद-दायक।
प्यारी हित पिय वंशी धारक, मंडल रास नृत्य संचालक।
लाड़िली वल्लभ परम कृपाल, करुणा-सागर दीनदयाल॥
राधा ऐसी मन की प्यारी, श्याम बन गये नीली सारी।
पहरे गोरे तन पै प्यारी, छिन हू करत न ताको न्यारी।
गौर नील छवि लाड़िली लाल, करुणा-सागर दीनदयाल॥
राधा ऐसी मन की प्यारी, रंग सुनहली कीर्तिकुमारी।
बनी पीत-पट सुंदर नारी, पीतांबर धर श्रीगिरिधारी।
भानुदुलारी औ नंदलाल, करुणा-सागर दीनदयाल॥

स्थाई

म - - -	**म - - ग**	**प - - मं**	**प - - -**
रा ऽ धा ऽ	व ऽ ल्ल भ	कृ ऽ ष्ण कृ	पा ऽ ऽ ल
मं प ध सां	**ध प मं प**	**ध प म -**	**रे - सा -**
क रु णा ऽ	सा ऽ ग र	दी ऽ न द	या ऽ ऽ ल

अंतरा

प - - -	**सां - - -**	**सां - - -**	**सां नी रें सां**
अ श र ण	श र ण अ	ना ऽ थ न	पा ऽ ल क
ध - - -	**नी - सा रें**	**सां रें सां -**	**ध नी प -**
ब्र ज ज न	प्रे ऽ मी ऽ	आ ऽ नं द	दा ऽ य क
सां - - -	**ध - प -**	**मं प मं प**	**ध प म -**
प्या ऽ री ऽ	हि त पि य	बं ऽ शी ऽ	धा ऽ र क

म - - ग	**प मं ध प**	**म - रे -**	**सा रे सा -**
मं ऽ ड ल	रा ऽ स नृ	ऽ त्य सं ऽ	चा ऽ ल क

''लाड़िली वल्लभ''...... स्थाईवत्॥ इसी क्रम से शेष।

✿✿✿

राधारमण राधावर श्याम जै।

राधारमण राधावर श्याम जै, हेमांगी घनश्याम श्रीराधे।
राधे राधे राधे श्रीराधे, गौरांगी घनश्याम श्रीराधे।
राधे राधे राधे श्रीराधे, प्रेमांगी घनश्याम श्रीराधे।
राधे राधे राधे श्रीराधे, लीलानिधि अभिराम श्रीराधे।

स्थाई

सा - रेप मप	**ग सा रे ग**	**रे सा ध़ नी़**	**सा - - -**
रा ऽ धाऽ रऽ	म ण रा ऽ	धा ऽ व र	श्या ऽ म जै

अन्तरा

प - - -	**पध नी ध प**	**म ग रे ग**	**म प - -**
हे ऽ मां ऽ	गीऽ ऽ घ न	श्या ऽ म श्री	रा ऽ धे ऽ

पुनः स्थाई

नी - - -	**ध - प -**	**म ग रे ग**	**रे - सा -**
रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे श्री	रा ऽ धे ऽ

''गौरांगी घनश्याम'' ''हेमांगी'' की भांति॥

✿✿✿

राधारमण गोविंद सांवरिया। श्रीराधे के प्राण सांवरिया।

हरि की लाड़ लाड़िली राधा, जय श्रीकृष्ण संजीवनी राधा।
राधारमण गोविंद सांवरिया, श्रीलाड़िलो मुकुन्द सांवरिया॥
हरि की चित्त चाड़िली राधा, वृंदावन-वासिनी श्रीराधा।
राधारमण गोविंद सांवरिया, श्रीमधुसूदन कृष्ण सांवरिया॥
हरि की प्रेम माड़िली राधा, बरसाने-वासिनी श्रीराधा।
राधारमण गोविंद सांवरिया, श्रीराधा के हृदय सांवरिया॥
हरि हिय नैन गाड़िली राधा, राधा-कुण्ड वासिनी श्रीराधा।
राधारमण गोविंद सांवरिया, प्यारो राधाकांत सांवरिया॥
पिय पर दृग शर छांड़िली राधा, यमुना-पुलिन विहारिणी राधा।
राधारमण गोविंद सांवरिया, प्रिया मधुर रस रसिक सांवरिया॥

स्थाई

प ध	**नी सां - नी**	**रें सां नी ध**	**प म ग म**	**- -**
रा धा	र म ण गो	विं ऽ द सां	व रि या ऽ	ऽ ऽ
सा रे	**ग प म ग**	**रे - ग रे**	**सा - - -**	**- -**
श्री ऽ	रा ऽ धा ऽ	प्रा ऽ ण सां	व रि या ऽ	ऽ ऽ

अंतरा

सा ग	**म - - -**	**ग - प म**	**ग म ग -**	**- -**
ह रि	ला ऽ ड़ ला	ऽ ड़ि ली ऽ	रा ऽ धा ऽ	जै ऽ
ग म	**ध - प म**	**ग रे ग म**	**रे - सा -**	**- -**
श्री ऽ	कृ ऽ ष्ण सं	जी ऽ व नी	रा ऽ धा ऽ	ऽ ऽ

पुनः स्थाई। इसी क्रम से शेष॥

✿✿✿

राधा रास विलासी रसिक हरि

राधा रास विलासी रसिक हरि।
राधा हृदय निवासी रसिक हरि।
राधा–चरण खवासी रसिक हरि।
राधा प्रेम प्रकाशी रसिक हरि।
राधा–चरण उपासी रसिक हरि।
राधा विरह–विनाशी रसिक हरि।
राधा–चरण सुवासी रसिक हरि।
राधा–कान्त उजासी रसिक हरि।
राधा संग सुहासी रसिक हरि।
राधा राधा राधा रसिक हरि।
श्यामा श्यामा श्यामा सरस हरि।

स्थाई

प - - -	**प नी ध पध**	**म प म ग**	**रे ग म प**
रा ऽ धा ऽ	रा ऽ स विऽ	ला सी ऽ र	सि क ह रि

अन्तरा

सां - - -	**नी - सां -**	**नी ध प म**	**ध - प -**
रा ऽ धा ऽ	हृ द य नि	वा सी ऽ र	सि क ह रि

इसी पर अन्य अन्तरा।

✿✿✿

राधा श्रीघनश्याम लाड़िली

राधा श्रीघनश्याम लाड़िली हरि प्यारी हरे गोविन्दा गिरिधारी
वृन्दावन के राजा रानी। चिन्मय धाम दिव्य रजधानी॥
सोलह कोस बीस हू गायो। कनकमयी भूमणिन जड़ायो॥
महारास थल मुख्य भूमि में। राजत चहुँ दिशि जमुना जल में॥
कंकणवत वन यमुना घेरहि। कोकिल हंस रटे युग नामहि॥
मोहन दूलह राधा दुलही। आंख मिचौनी युगल खेलही॥

रस जु अनंत अनंत प्रकारा। नहिं सीमा तंह युगल विहारा॥
विविध विहार नित्य ही सबही। ब्रज वन कुंज भाव जंह जेही॥
नित्य बिना न प्राप्ति है ताकी। बाल किशोर काहु की झांकी॥
हीन भाव कहुँ जी कछु लावै। दूषित हृदय नाहि रस पावै॥
सरस रसिक वह भाव रूप जो। नहि अभाव आसुरी रूप जो॥
सिद्ध सिंगार भाव जब आवै। आपहि एक रूप ह्वै जावै॥
साधक वपु कामादि कषाया। कैसे शुद्ध रसिकता पाया॥
बातन ते न रसिकता होई। केवल अहं भाव हठ होई॥
भाव रखै सर्वत्र सदा ही। तब अपने रस में अवगाही॥
रसोपासना रस में मन रह। नहि केवल रस की बतियां कह॥
वृत्ति रसमयी रहै निरन्तर। रस की इष्ट रहै तब अंतर॥
रस ही राधा रस ही मोहन। रस ही लीला बोलन चितवन॥
मैत्री प्रेम दया करुणा सब। अनायास ही रहै चित्त तब॥
नहिं विवाद नहिं व्यर्थ जल्पना। रस न अहं मिथ्या रसिकपना॥
योजन पाँच बन्यो वृन्दावन। बरसानो गहवर गोवर्द्धन॥
जै वृन्दावन धाम प्रकासी। जै राधा मोहन सुखरासी॥
सखी सहचरी मंजरी सुजय। श्रीराधा पद रेणु रसिक जय॥

स्थाई

ध़ सा - -	**सा रे - प**	**म - - प**	**ग - रे ग**	**सा रे - प**
रा ऽ धा ऽ	श्री ऽ घ न	श्या ऽ म ला	ऽ ड़ि ली ऽ	ह रि प्या ऽ
म - - -	**ग - रे सा**	**रे - ग -**	**रे ग रे ग**	**सा - - रे**
री ऽ ऽ ऽ	ह रे ऽ गो	विं ऽ दा ऽ	गि रि धा ऽ	री ऽ ऽ ऽ

अंतरा

ध - - -	**ध - - -**	**प - - ध**	**प म - -**
वृं ऽ दा ऽ	व न के ऽ	रा ऽ जा ऽ	रा ऽ नी ऽ
प नी ध प	**म ग रे -**	**म ग रे ग**	**सा - - रे**
चि ऽ न्म य	धा ऽ म दि	ऽ व्य र ज	धा ऽ नी ऽ

शेष अन्तरा इसी पर।

राधावर राधावर राधावर भज रे

राधावर राधावर राधावर भज रे।

वृंदावन चंद हरि राधावर भज रे।

रसिक रमण हरि राधावर भज रे।

रति नागर हरि राधावर भज रे।

प्रीति चतुर हरि राधावर भज रे।

जनपालक हरि राधावर भज रे।

सुखकारक हरि राधावर भज रे।

दु:खतारक हरि राधावर भज रे।

ब्रजभूषण हरि राधावर भज रे।

ब्रजमंडन हरि राधावर भज रे।

गो-पालक हरि राधावर भज रे।

गो-विन्दक हरि राधावर भज रे।

ब्रज-जीवन हरि राधावर भज रे।

मुरलीधर हरि राधावर भज रे।

राधारसिक हरि राधावर भज रे।

राधाप्रिय राधाप्रिय राधावर भज रे।

स्थाई

सा - ग -	**म - प ध**	**सां - नी धप**	**ग प म गम**
रा धा व र	रा धा व र	रा धा व रऽ	भ ज रे ऽऽ

अंतरा

प - नी ध	**नी - सां -**	**नी - सां रें**	**सां - नी ध**
वृं दा व न	चं द्र ह रि	रा धा व र	भ ज रे ऽ
गं - - -	**मं गं सां -**	**नी - सां रें**	**सां - नी ध**
रा धा व र	भ ज रे ऽ	रा धा व र	भ ज रे ऽ

इसी प्रकार शेष।

✿✿✿

राधा-कृष्ण कुंज-विहारी

राधा-कृष्ण कुंज-विहारी।
राधा करुणामयी स्वामिनी।
उर पर गिरिवर द्वय छवि भारी।
धारे तिन पर गिरिवर धारी॥

कंचन गोरी राधा प्यारी।
नीलममणि श्रीरासविहारी।
अलबेली जोरी है प्यारी॥

खेलैं होरी रंग रस भरी।
छपका-छपकी जमुना लहरी।
चुबकी लेवें उछर उछारी॥

झूला झूलैं लगै जब झरी।
आंख मिचौंनी पकरा-पकरी।
लुक-छिप ढूढ़ मिलन दै तारी॥

गावैं तान अलाप तनन री।
वीणा वंशी राग सँवारी।
करत मंद गति द्रुत लयकारी॥

नाचत देवैं सम पर तारी।
उरप-तिरप गति बहु संचारी।
करैं बीजना सखि बलिहारी॥

स्थाई

ध़ - सा रे	**म ग सा -**	**सा - - -**	**नी़ - - ध़**
रा ऽ धा ऽ	कृ ऽ ष्ण ऽ	कुं ऽ ज वि	हा ऽ री ऽ
रे - म -	**प - - -**	**प ध प ध**	**प - - -**
रा ऽ धा ऽ	क रु णा ऽ	म यी ऽ स्वा	ऽ मि नी ऽ
म - - -	**प - रे -**	**सा - - -**	**नी़ - - ध़**
उ र प र	गि रि व र	द्व य छ वि	भा ऽ री ऽ

''धारे तिन पर गिरिवर धारी''

''राधा कृष्ण कुंज विहारी'' की तरह

अन्तरा

म - प ध	**सां - - -**	**नी - ध प**	**सां - - -**
कं ऽ च न	गो ऽ री ऽ	रा ऽ धा ऽ	प्या ऽ री ऽ
प ध सां रें	**गं - सां -**	**नी - ध नी**	**ध - प -**
नी ऽ ल म	म णि श्री ऽ	रा ऽ स वि	हा ऽ री ऽ
म - - -	**प - रे -**	**सा - - -**	**नी़ - ध़ -**
अ ल बे ऽ	लीऽ जो ऽ	री ऽ है ऽ	प्या ऽ री ऽ

✿✿✿

राधिका राधिका राधा गोविन्दा

राधिका राधिका राधा गोविन्दा कृष्ण गोपाला॥
महारानी विहारी की स्वामिनी गोरिका बाला॥
सदा आराधिता हरि सों पोषिका जीवनी बाला॥
सदा आराधिका पिय की प्रेम रस दायिनी बाला॥
सदा संसेविता सीमतिनी गण उज्ज्वला बाला॥
प्रगट भादों सुदी आठें गगन जै बरस पुष्प माला॥
जयति जय राधिका राधा लाड़िली भानु की बाला॥

स्थाई

रे	**नी सा ग म**	**प - - म**	**प सां - -**	**नी ध प**
रा	ऽ धि का ऽ	रा ऽ ऽ धि	का ऽ रा ऽ	धा ऽ ऽ
म	**ग रे सा नी**	**सा - - म**	**ग - रे -**	**सा - -**
गो	विं ऽ दा ऽ	कृ ऽ ऽ ष्ण	गो ऽ पा ऽ	ला ऽ ऽ

अन्तरा

प	**प - नी -**	**सां - - नी**	**सां गं - रें**	**सां - -**
म	हा ऽ रा ऽ	नी ऽ ऽ बि	हा ऽ री ऽ	की ऽ ऽ
नी	**ध - प म**	**म प - नी**	**ध - - -**	**प - -**
स्वा	ऽ मि नी ऽ	गो ऽ ऽ रि	का ऽ बा ऽ	ला ऽ ऽ

✿✿✿

राधे कृष्ण गोपालकृष्ण

माया में भुलायो अरे काहे इतराय रे।
धुंवा को सो धौरहर देखि तू न भूल रे।
नर-तन बाजी लागो जीत यह दाव रे।
अब की जो हार्‌यो बाजी कहूँ ठौर नाय रे।
लख चौरासी योनी काहे भरमाय रे।
काहे नाय चेतै पापी काल सिर आय रे।
छूटैं तेरे बहू-बेटा छूटै धन-धाम रे।
एक दिना तेरी प्यारी रोवै आंसू झर लाय रे।
कहां तक कहूँ भाई काया जर जाय रे।
पर्‌यो पर्‌यो सोवै अब काहे भरमाय रे।
जाग जाग उठ गाय हरि नाम रे।
हीरा कौ सो हरी नाम गाय आठों याम रे।

स्थाई

<u>नी</u> - - -	**सा - रे -**	**म ग रे -**	**सा - - -**
रा ऽ धे ऽ	कृ ऽ ष्ण ऽ	गो पा ऽ ल	कृ ऽ ष्ण ऽ

अन्तरा

प सां - -	**<u>नी</u> ध प म**	**प ध प म**	**ग रे सा रे**
मा या में भु	ला यो अ रे	का हे इ त	रा य रे ऽ

इसी पर अन्य अन्तरे।

✿✿✿

राधेकृष्ण बोल लाडले राधेकृष्ण बोल

राधेकृष्ण बोल लाड़ले राधेकृष्ण बोल।
गोरी राधा श्याम सांवरे राधेकृष्ण बोल॥
मेरे तो नैनन के तारे राधेकृष्ण बोल।
मेरे तो हैं प्राण अधारे राधेकृष्ण बोल॥
मेरे तो हैं खेवन हारे राधेकृष्ण बोल।
नित्य किशोरी नित्य किशोरे राधेकृष्ण बोल॥

स्थाई

सा - ग रे	**सा - नी ध**	**सा - ग रे**	**ग - प -**
रा ऽ धे ऽ	कृ ऽ ष्ण ऽ	बो ऽ ल ला	ऽ ड़ ले ऽ
म - ग रे	**रे - ग म**	**ग रे म ग**	**रे - सा -**
रा ऽ धे ऽ	कृ ऽ ष्ण ऽ	बो ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ल

अन्तरा

सां - - -	**सां - रें सां**	**नी - ध प**	**म - - -**
गो ऽ री ऽ	रा ऽ धा ऽ	श्या ऽ म सां	ऽ व रे ऽ
म - - -	**म - - -**	**नी - ध नी**	**ध - प -**
रा ऽ धे ऽ	कृ ऽ ष्ण ऽ	बो ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ल

इसी पर अन्य अन्तरा।

✿✿✿

राधे राधे गोविन्द गोविन्द राधे

राधे राधे गोविन्द राधे।
गोविन्द राधे गोपाल राधे।
ब्रज की गलियन राधे राधे।
द्वार-द्वार पै राधे राधे।
पात-पात पै राधे राधे।
जब बोलो तब राधे राधे।
मोर कुटी पै राधे राधे।
मान-मंदिर पै राधे राधे।
गढ़ विलास पै राधे राधे।
खोर सांकरी राधे राधे।
गली रंगीली राधे राधे।
भानो खर पै राधे राधे।
कुंज-कुंज पै राधे राधे।
खाते-पीते राधे राधे।
सोते-जगते राधे राधे।
चलते-फिरते राधे राधे।
हंसते-हंसते राधे राधे।
नाच-नाच के राधे राधे।
गाय-गाय कर राधे राधे।
मिलकर बोलो राधे राधे।
पर्वत ऊपर राधे राधे।
ब्रह्माचल पै राधे राधे।
बरसाने में राधे राधे।
वृंदावन में राधे राधे।
जमुना तट पै राधे राधे।
गोवर्द्धन में राधे राधे।
नंद गांव में राधे राधे।
ब्रज चौरासी राधे राधे।

स्थाई

रे प - म	**रे - सा -**	**सा रे सा नी़**	**सा - रे -**
रा धे रा धे	गो ऽ विं द	गो ऽ विं द	रा ऽ धे ऽ

अन्तरा

रे - म -	**प - - -**	**प - - ध**	**म प म ग**
गो ऽ विं द	रा ऽ धे ऽ	गो ऽ पा ल	रा ऽ धे ऽ

इसी पर अन्य अन्तरा।

✿✿✿

राधे राधे कुंवर कन्हैया

राधे राधे कुंवर कन्हैया, गोपाल प्यारो मुरली बजैया॥
देहु वास ब्रजमांहि सदा ही, थलचर नभचर जलचर मांही,
पशु पंछी मयूर अलि चातक, रज में रह बन रजहि उपासक,
ब्रजरज मांहि रमैया, गोपाल प्यारो वंशी बजैया॥
थल में हिरनी मोहि बनाओ, युगल रूप अंखियन दरसाओ,
देखूँ प्रेम भरी चितवन सों, आराधना होय नैनन सों,
श्रीवन वास करैया, गोपाल प्यारो वंशी बजैया॥
नभ में तोता मोय बनाओ, राधामोहन नाम रटाओ,
युगल नाम सुन रीझै प्यारी, चितवैं प्रेम भरी सुकुमारी,
राधा हृदय बसैया, गोपाल प्यारो मुरली बजैया॥
जल में श्यामा मीन बनावो, युगल नित्य यमुना में न्हावो,
अंगराग रस पीऊँ जल में, जल-क्रीड़ा निरखूँ यमुना में,
यमुना तट विहरैया, गोपाल प्यारो मुरली बजैया॥

स्थाई

म - - -	**म ग म प**	**ग - म सा**	**सा - रे म**
रा धे रा धे	कुँ व र क	न्है ऽ या गो	पा ल प्या रो
रे ग रे -	**सा - - -**		
मु र ली ब	जै ऽ या ऽ		

अन्तरा

प - - -	**प ध प -**	**म ग म ध**	**प - - -**
दे ऽ हु वा	ऽ स ब्र ज	मां ऽ हि स	दा ऽ ही ऽ

इसी पर ''थलचर नभचर.....''

प ध नी ध	**सां - - -**	**नी सां ध -**	**सां - - -**
प शु पं ऽ	छी ऽ म यू	ऽ र अ लि	चा ऽ त क

इसी पर ''रज में रह.......''

पुनः ''ब्रजरज मांहि'' स्थाईवत्

✿✿✿

राधे-श्याम रटो उमरिया थोरी है

राधे-श्याम रटो उमरिया थोरी है॥
नाव भंवर में फंसती जावै।
रात भयानक चढ़ती आवै।
निंदिया छोड़ उठो उमरिया थोरी है॥
आयु रात-दिन घटती जावै।
आशा-तृष्णा बढ़ती जावै।
जग से दूर हटो उमरिया थोरी है॥
झूठे जग में मन भरमावै।
हीरा जैसा जनम गंवावै।
कृष्ण-चरण पकड़ो उमरिया थोरी है॥

स्थाई

म ध - -	**ध - <u>नी</u> ध**	**सां - - <u>रे</u>**	**सा <u>नी</u>़ ध़ <u>नी</u>़**
रा ऽ धे ऽ	श्या ऽ म र	टो ऽ ऽ उ	म रि या ऽ
सा - <u>रे</u> -	**सा - - -**		
थो ऽ री ऽ	है ऽ ऽ ऽ		

अन्तरा

ग - म ग	**म - - -**	**प - - <u>नी</u>**	**ध - - -**
ना ऽ व भं	व र में ऽ	फं स ती ऽ	जा ऽ वै ऽ
ध - - <u>नी</u>	**ध प - -**	**म - ग -**	**म - - -**
रा ऽ त भ	या ऽ न क	च ढ़ ती ऽ	आ ऽ वै ऽ

''निंदिया छोड़ उठो'' स्थाईवत्।

इसी क्रम से शेष अन्तरा।

✿✿✿

राधे श्याम राधे श्याम बोल

राधेश्याम राधेश्याम बोल रसिकिनी नागरिया।
कुंज-विहारिणी कुंज-विहारी।
मोहिनी-मोहन श्याम, लड़ैती सांवरिया॥
रास-विहारिणी रास-विहारी।
श्यामा श्याम श्यामा श्याम बोल, किशोरी सांवरिया॥
रसिक-विहारिणी रसिक-विहारी।
राधे राधे श्रीघनश्याम, लाड़िली सांवरिया॥
पुलिन-विहारिणी पुलिन-विहारी।
राधे राधे सुन्दर श्याम किशोरी सांवरिया॥
बांके-विहारिणी बांके-विहारी।
गौरांगी घनश्याम श्रीराधा नागरिया॥

स्थाई

रे - - -	**रे - ग॒ रे**	**सा - - म**	**ग॒ रे सा नी़**
रा धे श्या म	रा धे श्या म	बो ऽ ल र	सि क नी ऽ
सा - रे -	**ग॒ - - -**		
ना ऽ ग रि	या ऽ ऽ ऽ		

अन्तरा

प - - -	**प - ध॒ प**	**ग म ध॒ प**	**म ग॒ रे सा**
कुं ऽ ज वि	हा ऽ रि णी	कुं ऽ ज वि	हा ऽ री ऽ

''मोहिनी मोहन''- स्थाईवत्।

✿✿✿

राधे राधे बोलो गोपाल कृष्ण बोलो

राधे राधे बोलो गोपाल कृष्ण बोलो।
गिरिधारी बनवारी राधा प्यारी बोलो।

नंद गाँव के कुंवर कन्हैया बरसाने की राधे।
प्रेम सरोवर प्रीति जुरी है गहवर वन में नाचे।
चढ़ी मानगढ़ प्रणय मान धर, मोरकुटी मिल नाचें।
खोर सांकरी दान लेत हैं ब्रह्माचल रस रांचे॥

स्थाई

सा ग म प	**प - - ग**	**प म ग सा**	**ग नी़ सा -**
रा धे रा धे	बो लो ऽ गो	पा ल कृ ष्ण	बो ऽ लो ऽ
म ग म -	**म ग म -**	**ग म नी ध**	**प म॑ प -**
गि रि धा री	ब न वा री	रा धा प्या री	बो ऽ लो ऽ

अंतरा

गं - रें -	**गं - - -**	**रें - सां नी**	**सां रें - -**
नं ऽ द गाँ	ऽ व के ऽ	कुं व र क	न्है ऽ या ऽ
सां गं रें -	**सां नी ध प**	**ध सां नी सां**	**सां - - -**
ब र सा ऽ	ने ऽ की ऽ	रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
नी - - ध	**नी - - ध**	**नी ध सां नी**	**ध - प -**
प्रे ऽ म स	रो ऽ व र	प्री ऽ ति जु	री ऽ है ऽ
ग - प म	**ग सा नी़ -**	**सा - - -**	**सा - - -**
ग ह व र	व न में ऽ	ना ऽ चे ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

इसी प्रकार दूसरा अन्तरा।

✿✿✿

राधे राधे बोल राधे राधे बोल बरसाने की गलियन डोल।

श्रीबरसानो-धाम रंगीलो। राधारानी है अनमोल॥

बरसाने की गलियन डोल॥

ब्रह्माचल-पर्वत मन भायो।

राधारानी करै किलोल, बरसाने की गलियन डोल॥

खोर सांकरी मोहन खेलै।

नंदगांव ग्वालन कौ टोल, बरसाने की गलियन डोल॥

गहवर वन की लता-पतन में।

पक्षी बोलै राधे बोल, बरसाने की गलियन डोल॥

स्थाई

सा - ग म	**प - - -**	**ध प म ग**	**म - - -**
रा धे रा धे	बो ऽ ऽ ल	रा धे रा धे	बो ऽ ऽ ल
ग - म ग	**रे सा रे -**	**ग म <u>नी</u> ध**	**प - - -**
ब र सा ऽ	ने ऽ की ऽ	ग लि य न	डो ऽ ऽ ल

अन्तरा

ग - प ध	**सां - - -**	**नी - ध नी**	**ध - प -**
श्री ऽ ब र	सा ऽ नो ऽ	धा ऽ म रं	गी ऽ लो ऽ

''राधारानी है अनमोल ''स्थाईवत्॥

इसी क्रम से अन्य अन्तरा।

✿✿✿

राधे राधे बोल

राधे राधे बोल राधे राधे बोल, वृन्दावन की कुंजन में डोल॥
राधे बोल राधे बोल माधवा गोविन्दा बोल॥
प्रेम एक राधा माधव सौं। मन-वच-कर्म न नेह और सौं॥
युगल चरण कौ आश्रय सांचौ। अन्याश्रय जैसे घट कांचो॥
ये ही साँचौ मत अनमोल। राधे................॥
और रटे सो जीभ जरै जो। कट जाय काया विषय करै जो॥
औरहु देखत फूटैं नैंना। औरहि सुनते फाटैं श्रवना॥
यह मत धर हियरे कौ खोल। राधे................॥

स्थाई

प़ -	**ध़ सा - रे**	**ग - सा रे**	**ग - रे -**	**सा -**
रा धे	रा ऽ धे ऽ	बो ल रा धे	रा ऽ धे ऽ	बो ल
म -	**म - ध प**	**म ग सा रे**	**ग - रे -**	**सा -**
वृं ऽ	दा ऽ व न	की ऽ कुं ऽ	ज न में ऽ	डो ल
प -	**ध सां - -**	**सां - रें सा**	**नी सां - -**	**सां -**
रा धे	बो ऽ ऽ ऽ	ल ऽ रा धे	बो ऽ ऽ ऽ	ल ऽ
प सां	**सां नी ध प**	**म - प म**	**ग - - -**	**ग -**
मा ऽ	ध वा ऽ गो	विं ऽ दा ऽ	बो ऽ ऽ ऽ	ऽ ल

अन्तरा

ध सां - -	**सां - रे सां**	**नी सां - -**	**सां - - -**
प्रे ऽ म ए	ऽ क रा ऽ	धा ऽ मा ऽ	ध व सौं ऽ

इसी पर ''मन-वच.....'', ''युगल चरण....'', ''अन्याश्रय....'' ये तीन पंक्ति।

प -	**प सां - नी**	**ध प प ध**	**म ध प म**	**ग -**
ये ऽ	ही ऽ सां ऽ	चौ ऽ म त	है ऽ अ न	मो ल

इसी क्रम से दूसरा अन्तरा।

❀❀❀

राधे राधे गोविन्द बोलो रे।

राधे राधे गोविन्द बोलो रे।
गोविन्द बोलो रे, गोपाल बोलो रे॥
कुंवरि लाड़िली भानुदुलारी।
श्रीमधुसूदन रासविहारी।
जग पावन रस मुख में घोलो रे॥ राधे राधे.... ॥
विद्युत वदनी नैंनन कौंधत।
कृष्ण चन्द्र अंखियां चक-चौंधत।
कुंज-गलिन मह देखत डोलो रे॥ राधे राधे...... ॥

स्थाई

रे ग रे म	**ग रे ऩी सा**	**रे - - ग**	**म प म ग**
रा ऽ धे ऽ	रा ऽ धे ऽ	गो ऽ विं द	बो लो रे ऽ
रे - म -	**प - - -**	**ध सां ध प**	**प - म ग**
गो ऽ विं द	बो लो रे ऽ	गो ऽ पा ल	बो लो रे ऽ

अन्तरा

नी - - -	**सां - <u>नी</u> ध**	**प ध म -**	**प <u>नी</u> ध प**
कुं व रि ला	ऽ ड़ि ली ऽ	भा ऽ नु दु	ला ऽ री ऽ

इसी पर "श्रीमधुसूदन......"

पुनः स्थाईवत् "जग पावत रस.....।" इसी क्रम से अन्य अन्तरा।

❀❀❀

राधे! सुधासार श्रीकाये! वर्षय लवमात्रं मयि दीने।

उन्मर्यादप्रेमसरस्वति ! रसापगे ! हरिसिन्धु प्रवाहिनि !
चिन्मयि ! सांद्रानंदभूपिके ! कृष्णप्रेयसि कृष्णरूपिके ॥
राधे ! सुधासारश्रीकाये ! वर्षय लवमात्र मयि दीने ॥ १ ॥
सुधावारिरस विग्रहवेशे ! सुधावारि शैवल रुचि केशे !
सुधावारिहेमाम्बुजवदने ! सुधावारियुगमीनसुनयने ॥
राधे ! सुधासारश्रीकाये ! वर्षय लवमात्रं मयि दीने ॥ २ ॥
सुधावारिमुक्तादशनाले ! सुधावारिविद्रुममण्योष्ठे !
सुधावारिवीचीभ्रूक्षेपे ! सुधावारिनिर्झरमृदुवचने !
राधे ! सुधासारश्रीकाये ! वर्षय लवमात्रं मयि दीने ॥ ३ ॥
सुधावारिचरशंखग्रीवे ! सुधावारिनलिनी भुजनाले !
सुधावारिरुहकुड्मलस्तने ! सुधावारिसंवर्तनाभिके।
राधे ! सुधासारश्रीकाये ! वर्षय लवमात्रं मयि दीने ॥ ४ ॥
सुधा वारि द्वीपोरूमण्डले ! सुधावारिशुभपुलिन नितम्बे।
सुधावारिरुहदलांगुलिरुचे ! सुधावारिनखशुक्तिमण्डले।
राधे ! सुधासारश्रीकाये ! वर्षय लवमात्रं मयि दीने ॥ ५ ॥

स्थाई

ग म प ध	**प सां <u>नी</u> ध**	**प - म ग**	**म प - -**
रा ऽ धे ऽ	सु धा ऽ सा	ऽ र श्री ऽ	का ऽ ये ऽ
नी - - -	**- सां नी सां**	**<u>नी</u> ध प म**	**प म ग -**
व ऽ र्ष य	ल व मा ऽ	त्रं ऽ म यि	दी ऽ ने ऽ

अंतरा

ग - - -	**म प - -**	**म - - प**	**म - ग -**
उ ऽ न्म ऽ	र्या ऽ द ऽ	प्रे ऽ म स	र ऽ स्व ति
म ग ध -	**ध - - -**	**<u>नी</u> रें सां रें**	**<u>नी</u> ध प -**
र सा ऽ प	गे ऽ ह रि	सिं ऽ धु प्र	वा ऽ हि नी

नी - - -	**- - - -**	**नी सां - नी**	**सां - - -**
चि ऽ न्म यि	सा ऽ न्द्रा ऽ	नं ऽ द भू	ऽ पि के ऽ
नी - - -	**- सां नी सां**	**नी ध प म**	**प म ग -**
कृ ऽ ष्ण ऽ	प्रे ऽ य सि	कृ ऽ ष्ण रु	ऽ पि के ऽ

पुनः राधे सुधासार श्रीकाये इसी प्रकार शेष

✿✿✿

राधे गोविन्दा श्रीराधे श्रीराधे श्रीराधे

राधे गोविन्दा श्रीराधे, श्रीराधे, श्रीराधे जय।
नंद जू कौ नंदा श्रीराधे, श्रीराधे श्रीराधे जय।
यशुदा कौ नंदा श्रीराधे, श्रीराधे श्रीराधे जय।
बालमुकुन्दा श्रीराधे, श्रीराधे श्रीराधे जय।
कुंवरि किशोरी श्रीराधे, श्रीराधे श्रीराधे जय।
श्यामा गोरी श्रीराधे, श्रीराधे श्रीराधे जय।
राधा गोरी श्रीराधे, श्रीराधे श्रीराधे जय।

स्थाई (क)

सा रे - -	**रे - - सा**	**सा रे ग -**	**ग - रे सा**
रा धे ऽ गो	विं दा श्री ऽ	रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ श्री ऽ
सा रे - ग	**ग - रे सा**	**रे - सा -**	**सा - - -**
रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ श्री ऽ	रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ ज य

अन्तरा (क)

प - - -	**प - - ध**	**म ध प -**	**प - म ग**
नं द जू कौ	नं दा श्री ऽ	रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ श्री ऽ
रे म ग -	**ग - रे सा**	**रे सा - -**	**सा - - -**
रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ श्री ऽ	रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ ज य

इसी प्रकार शेष।

दूसरी धुन स्थाई (ख)

सा - रे म	**म - प म**	**प ध - -**	**ध - प म**
रा ऽ धे गो	विं दा श्री ऽ	रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ श्री ऽ
प नी ध प	**म ग रे सा**	**रे - सा -**	**सा - - -**
रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ श्री ऽ	रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ ज य

अन्तरा (ख)

म - प ध	**सां नी ध -**	**सां - - -**	**सां - नी ध**
नं द जू कौ	नं दा श्री ऽ	रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ श्री ऽ
नी - - -	**ध म प नी**	**ध प - -**	**प - - -**
रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ श्री ऽ	रा ऽ धे ऽ	ऽ ऽ ज य

इसी प्रकार शेष।

राधे गोविन्दा भजो वृन्दावन चंदा भजो

राधे गोविन्दा भजो वृन्दावन चन्दा भजो।
कुंज-विहारी भजो रासविहारी भजो।
भानुदुलारी भजो रूप उजारी भजो।
केलि-विहारी भजो छैल-विहारी भजो।
वंशी बजैया भजो रास रचैया भजो।
बांकेविहारी भजो गिरिवरधारी भजो।
गौयें चरैया भजो माखन खवैया भजो।
रसिक-विहारी भजो कलिमलहारी भजो।
नाच नचैया भजो गोपी रिझैया भजो।
दीन दुःख हारी भजो पतित उधारी भजो।
कीर्तिकुमारी भजो अति सुकमारी भजो।
कृष्णाराध्या भजो प्रेम अगाधा भजो।
राधारमैया भजो ब्रज के बसैया भजो।
त्रास हरैया भजो कृष्ण कन्हैया भजो।

स्थाई

**सा - ग - **	**म ग प -**	**म ग म प**	**म ग सा -**
रा ऽ धे गो	विं दा भ जो	वृ न्दा व न	चं दा भ जो

अन्तरा

नी - - -	**ध - प ध**	**प - म -**	**प - - -**
भा ऽ नु दु	ला री भ जो	रू ऽ प उ	जा री भ जो

शेष इसी प्रकार।

✿✿✿

राधे गोविन्दा गोपाल राधावर माधव हरे

राधे गोविन्दा गोपाल राधावर माधव हरे॥
मोर मुकुट सिर पैंच विराजै, कानन में कुंडल छवि छाजै।
ठोड़ी हीरा लाल राधावर माधव हरे॥ राधे गोविन्दा......॥
बड़ी-बड़ी अखियन कजरा सोहै, लाल अधर लाली मन मोहै।
गल वैजन्ती माल राधावर माधव हरे॥ राधे गोविन्दा......॥
मीठी-मीठी वंशी बजावै, देखूँ तो जियरा ललचावै।
बड़े गजब की चाल राधावर माधव हरे॥ राधे गोविन्दा......॥
सदा संग वृषभानु-दुलारी, श्रीराधा प्रानन ते प्यारी।
रंग रंगीली बाल राधावर माधव हरे॥ राधे गोविन्दा......॥
यमुना किनारे कदमन छैया श्याम चरावत डोलै गैया।
संग सोहें ब्रजबाल राधावर माधव हरे॥ राधे गोविन्दा......॥

स्थाई

सां - - नी	**सा रे सां -**	**नी - - -**	**ध नी ध प**
रा धे ऽ गो	विं दा गो ऽ	पा ऽ ऽ ल	रा धा व र
प नी ध नी	**सां - - -**		
मा ध व ह	रे ऽ ऽ ऽ		

अंतरा

गं - - -	**गं - मं गं**	**रें - सां नी**	**सां रें - -**
मो ऽ र मु	कु ट सि र	पैं ऽ च वि	रा ऽ जै ऽ

इसी पर ''कानन में कुण्डल'' स्थाईवत् ''ठोडी हीरा लाल।''

इसी क्रम से अन्य अन्तरा।

✿✿✿

राधे गोविंद गोविंद गोपाला॥

श्रीराधे बरसाने वारी, पद रज हित विधि बने भिखारी,
बरसाने पर्वत वपु-धारी, ब्रह्माचल खेलत सुकुमारी,
वृषभानुलली नंद को लाला, राधे........................॥
नंदगाम में खेलत मोहन, शिव नित पद-रज के अभिलाषन,
नंदगांव शिवधर पर्वत तन, हरि दाऊ खेलत ग्वालागन,
ग्वालन गायन संग गोपाला, राधे........................॥

स्थाई

ध़ नी़	**सा रे - सा**	**नी़ सा - नी़**	**ध़ - नी़ -**	**सा -**
रा धे	गो ऽ विं द	गो विं ऽ द	गो ऽ पा ऽ	ला ऽ

अंतरा

सा - - -	**रे प म -**	**ग - रे सा**	**रे ग सा -**
श्री ऽ रा ऽ	धे ऽ ब र	सा ऽ ने ऽ	वा ऽ री ऽ

अन्य ३ पंक्ति इसी पर पुनः स्थाईवत् ''वृषभानुलली''
इसी क्रम से दूसरा अन्तरा।

✿✿✿

राधे राधे गोपाला जय राधे गोपाला।

पिय राजहंस राधा हृत्सर, तिय जघन पुलिन पिय खंजनवर।
तिय नाभि सरसि शफरी रसधर, तिय वपुकानन तहं हरि मृगचर॥
राधे राधे गोपाला जय राधे गोपाला।
पिय मानससर हंसिनी-प्रिया, पिय तरु रसाल, कोकिला प्रिया।
पिय नील-कमल भ्रमरिका प्रिया, पिय नव जलधर दामिनी प्रिया॥
राधे राधे गोपाला जय राधे गोपाला।

स्थाई

ध़ - सा -	**सा - रेग रे**	**ग - - -**	**रेग रेसा रे -**
रा धे रा धे	गो ऽ पाऽ ऽ	ला ऽ ऽ ऽ	ऽऽ ऽऽ ज य
ग - रे -	**सा - म -**		
रा ऽ धे गो	पा ऽ ला ऽ		

अन्तरा

प ध प म	**म प म ग**	**ग म ग रे**	**ग रे सा -**
रा धे ऽ गो	पा ऽ ला ऽ	रा धे ऽ गो	पा ऽ ला ऽ
पि य रा ऽ	ज हं ऽ स	रा ऽ धा ऽ	हृ त् स र

इसी पर ''तिय जघन''

प - ध प	**सां - - -**	**ध सां ध प**	**म - रे -**
ति य ना ऽ	भि स र सि	श फ री ऽ	र स ध र

इसी पर ''तिय वपुकानन''

पुनः स्थाई। आगे यही क्रम॥

✿✿✿

राधे राधे राधे गोपाल कृष्ण

राधे राधे राधे गोपाल कृष्ण। राधे राधे राधे राधे॥
हरि निरखत प्यारी मुख हिमकर। अलक मंजरी टारत निजकर॥
पीत अरुण सित चमक चन्द्रिका। हिम सुगन्ध रस सुधा सान्द्रिका॥
अलक तिलक कज्जल सकलंका। खेलत दृग युग मीन मयंका॥
मुक्ता पंक्ति सुशोभित अंगिया। पीन उरज कौसुंभी फरिया॥
लंहगा लाल नील तरहरिया। नील शाटिका जटित किनरिया॥
सुन्दरता की सुधा राशि-सी। उज्ज्वल लावण्य तरंगिणी-सी॥
यमुना बीचि कटाक्ष पातिनी। प्रेम सुधा सम्पूर भाषिणी॥
मार कला वैचित्र्य विचित्रा। दिव्य प्रेम पीयूष पवित्रा॥
राधे राधे.......

स्थाई

सा रे	**ग - - -**	**ग - रे सा**	**रे - - -**	**रे -**
रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ
सा नी़	**ध़ - - -**	**ध़ - प़ -**	**रे ग म ग**	**म ग**
रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ गो ऽ	पा ऽ ल कृ	ऽ ष्ण

अन्तरा

ग म	**प - - -**	**प - म ग**	**प - - -**	**प -**
रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ
ग म	**ध - - -**	**प म ग म**	**प - - -**	**प -**
रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ

अन्तरा-2

सा ग	**प - - -**	**प - - ध**	**ध ग - -**	**ग -**
रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ रा ऽ	धे ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ
सा रे	**ग प प -**	**- - ध रे**	**- - ग -**	**- -**
ह रि	नि र ख त	प्याऽ री ऽ	मु ख हि म	क र

इसी पर ''अलक मंजरी.......'' पुनः स्थाई

इसी क्रम से शेष।

✿✿✿

राधे राधे राधे प्रेम अगाधे

राधे राधे राधे प्रेम अगाधे श्याम जीवनी जै जै जै श्रीराधे

कृपा दृष्टि मोपै बरसावो।

गौर रूप अपनों दिखरावो।

राधे राधे राधे प्रेम अगाधे श्याम प्रेयसी जै जै जै श्रीराधे॥

भानु-लाड़िली नित्य किशोरी।

त्रिभुवन मोहन मोहिनी गोरी।

राधे राधे राधे प्रेम अगाधे श्याम चातकी जै जै जै श्रीराधे॥

प्रेम तरंगिणि नित्य वाहिनी।

नित्य सुहागिनी पुष्प हासिनी।

राधे राधे राधे प्रेम अगाधे श्याम स्वामिनी जै जै जै श्रीराधे॥

स्थाई

प - ध सां	**सां - - -**	**नी - ध प**	**नी - - -**
रा धे रा धे	रा ऽ धे ऽ	प्रे ऽ म अ	गा ऽ धे ऽ
ध - म -	**प - ध नी**	**सां नी ध प**	**ध - प -**
श्या ऽ म जी	ऽ व नी ऽ	जै जै जै श्री	रा ऽ धे ऽ

अन्तरा

प - ग म	**प - <u>नी</u> ध**	**प ध सां नी**	**प <u>नी</u> ध -**
कृ पा ऽ दृ	ष्टि ऽ मो ऽ	पै ऽ ब र	सा ऽ वो ऽ
रें - - -	**रें - - -**	**रें सां रें गं**	**रें - सां -**
गौ ऽ र रू	ऽ प अ प	नों ऽ दि ख	रा ऽ वो ऽ

''राधे-३ प्रेम अगाधे......'' स्थाईवत्

इसी क्रम से शेष अन्तरे।

✿✿✿

राधे गोपाला जय नंदलाला

राधे गोपाला जय नंदलाला॥
भानुसुता अति भोरी बाला।
वृन्दावन–वासी मन हर ग्वाला॥
श्यामसुन्दरकी कंचन–माला।
कनक भामिनी के घनमाला॥
श्याम–चन्द्र की प्रभा उज्ज्वला।
प्रभामयी की प्रीति निर्मला॥
अचल दामिनी संग निश्छला।
आलिंगित उर बाहु कटि–थला॥
द्रुत सुवर्ण मरकत तनु विपुला।
अमित विहार सुरीति निश्छला॥

स्थाई

म॑ ध प म॑	**ग - रे -**	**सा - - -**	**ग म॑ प -**
रा ऽ धे गो	पा ऽ ला ऽ	ज य नं द	ला ऽ ला ऽ

अन्तरा

ग - म॑ ध	**सां - - -**	**नी - ध प**	**नी ध प -**
भा ऽ नु सु	ता ऽ अ ति	भो ऽ री ऽ	बा ऽ ला ऽ
सां - - -	**नी - ध म॑**	**प ध प म॑**	**ग सा ग -**
वृं दा व न	वा ऽ सी ऽ	म न ह र	ग् वा ला ऽ

शेष इसी प्रकार।

✿✿✿

राधे कृष्ण भजो राधे कृष्ण।

रास रसीली राधा भज ले, छैल छबीली श्यामा भज ले॥ राधे कृष्ण
नव नव रूप नयोई यौवन, गोरी दामिनी श्याम मेघ तन॥ राधे कृष्ण
नयो प्रेम नव चोज उमंगा, नव पीयूष भरे सब अंगा॥ राधे कृष्ण
नव लावण्य कान्ति सुनवीना, नवरति-कला प्रवीन प्रवीना॥ राधे कृष्ण
नव नव नित चातुर्य केलि की, नवचितवन नव भाव रेलि की॥ राधे कृष्ण
नव नव हास कुसुम निर्झर झर, नव विलास नव नव गति संचर॥ राधे कृष्ण
नव नव भूषण वसन सुशोभित, नव आमोद लेप तन सज्जित॥ राधे कृष्ण
नयी कुंज सहचरी नवीना, नव साहित्य गान रस भीना॥ राधे कृष्ण
नये ताल नव गति नव रागा, नव रस नव आनंद सुहागा॥ राधे कृष्ण

स्थाई

सां	-	-	-	**<u>नी</u>ध**	**<u>नी</u>**	**प**	**<u>ध</u>**	**सां**	**<u>नी</u>**	**रें**	**सां**	**सां**	-	-	-
रा	धे	कृ	ऽ	ष्णाऽ	ऽ	भ	जो	रा	धे	कृ	ऽ	ष्ण	ऽ	ऽ	ऽ

अन्तरा

प	-	-	-	**म**	-	-	-	**<u>ग</u>**	-	**रे**	**<u>ग</u>**	**रे**	-	**सा**	-
रा	ऽ	स	र	सी	ऽ	ली	ऽ	रा	ऽ	धा	ऽ	भ	ज	ले	ऽ

इसी पर अंतरे की २ पंक्ति पुनः स्थाई। यही क्रम रहेगा।

✿✿✿

राधे कृष्ण राधे कृष्ण, जै युगल नाम राधे कृष्ण।

कंचन गोरी राधे कृष्ण, जै नीलमणि राधे कृष्ण॥
वृषभानु कुंवर राधे कृष्ण, जै नंदलाल राधे कृष्ण॥
पिय उर धारिणि राधा राधा, जै पद चांपक कृष्ण कृष्ण॥
पिय चित हारिणि राधा राधा, तिय चित चोरक कृष्ण कृष्ण॥

स्थाई

रे ग	**प - म ग**	**म - ग रे**	**ग सा रे नी**	**सा -**
रा ऽ	धे ऽ कृ ऽ	ष्ण ऽ रा ऽ	धे ऽ कृ ऽ	ष्ण ऽ
सा -	**रे - ग -**	**म - प -**	**प - म ध**	**प -**
ज य	यु ग ल ना	ऽ म रा ऽ	धे ऽ कृ ऽ	ष्ण ऽ

अन्तरा

नी -	**नी - - -**	**नी - - -**	**ध - - नी**	**ध -**
कं ऽ	च न गो ऽ	री ऽ रा ऽ	धे ऽ कृ ऽ	ष्ण ऽ
प -	**म - - -**	**प - - नी**	**नी - ध -**	**प -**
ज य	नी ऽ ल म	णि ऽ रा ऽ	धे ऽ कृ ऽ	ष्ण ऽ

पुनः स्थाई। इसी क्रम से शेष अन्तरे।

✿✿✿

राधे राधे माधव-कृष्ण हरे

